CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 67 | जयपुर, शुक्रवार 27 मार्च, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | PAGE-8

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गैस संकट को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई

### टीकाराम जूली, सुभाष गर्ग सहित कई नेता रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** मिडिल ईस्ट युद्ध के बाद गैस और तेल को लेकर भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में संकट के हालात बने हुए है। इसका असर राजस्थान में भी देखने को मिल रहा है लेकिन राजस्थान में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के लोगों को गैस उपलब्ध करवाने के लिए ठोस प्रबंध सुनिश्चित किए हैं और रोजाना गैस वितरण से जुडी जुडी सभी प्रक्रियाओं और व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक और आंकड़े शासन सचिवालय में नियमित रूप से शेयर करने के बारे में प्रदेश भर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है इसलिए प्रदेश में गैस सिलेंडरों की वितरण व्यवस्था ठीक तरह से संपादित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना भी नहीं करना पड़ रहा फिर भी मिडिल ईस्ट युद्ध के लंबे समय तक संपादित होने की संभावना के चलते पूरे देश में आने वाले दिनों में स्थितियां काफी कठिन और विपरीत हो सकती है इसलिए आने वाले दिनों में बड़ी-बड़ी चुनौतियों और समस्याओं का सामना करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सर्व दलीय बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पारीक पूर्व मंत्री श्री चंद्र कृपलानी राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता और विधायक सुभाष गर्ग और कई अन्य नेता मौजूद रहे बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से आगामी संभावित संकट से निपटने के लिए विस्तार से चर्चा की । विपक्ष के नेताओं से आवश्यक सुझाव और सलाह ली, मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में प्रदेश सरकार की ओर से गैस वितरण के बारे में अभी हाल ही में लिए गए निर्णय और गैस वितरण की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी । इसके अलावा गैस तेल और पेट्रोल के स्टॉक के बारे में भी जानकारी शेयर की बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया कि मिडिल ईस्ट युद्ध के भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में तेल गैस का संकट पैदा हुआ है और अगर यह युद्ध लंबा चलता है तो फिर आने वाले दिनों में कई बड़ी चुनौतियां और कठिनाइयां सामने आएगी इसलिए संकट की इस घड़ी में सभी राजनीतिक दलों को राजनीति से ऊपर उठकर जनहित के रूप में लोगों की सेवा करनी है। सरकार को सलाह और सुझाव देने के अलावा सरकार और आम जनता सहयोग भी करना है सभी को सामूहिक रूप से इस समस्या का समाधान करना है बैठक में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार के साथ है लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए विपक्ष पूरी तरह से सरकार की मदद करेगा मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में कहा कि संकट की घड़ी में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ऐसी कोई बयान बाजी नहीं करनी है जिसकी वजह से आमजन में आक्रोश और अशांति की भावना पैदा हो। बैठक में मौजूद सभी नेताओं ने सामूहिक रूप से इस वैश्विक संकट का सामना करने की अपनी कृतज्ञता जाहिर की ।गौरतलब है कि पिछले बुधवार को ही प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि तेल और गैस के संकट को लेकर मुख्यमंत्री को जल्दी से जल्दी सर्व दलीय बैठक बुलानी चाहिए मुख्यमंत्री शर्मा ने अगले ही दिन गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाकर यह संकेत देने का प्रयास किया है कि प्रदेश सरकार सामरिक महत्व से जुड़े विषयों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष के साथ सकारात्मक बातचीत करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। विपक्ष की सलाह और सुझाव गोभी प्रदेश सरकार पूरा सम्मान देती है जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से वीडियो क्रोमफ्रेसिंग के माध्यम से मिडिल ईस्ट युद्ध के बाद तेल और गैस को लेकर जो हालात बने हैं उनके बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से तेल और गैस उपलब्धता और वितरण व्यवस्था के बारे में भी जानकारी हासिल करेंगे तथा इस संकट की घड़ी में सभी राज्यों को एक दूसरे का सहयोग और सामूहिक रूप से इस संकट का सामना करने की अपील भी करेंगे।

## भजनलाल शर्मा का दिल्ली दौरा प्रदेश के लोगों को आया रास, केंद्र सरकार ने 10 प्रतिशत अतिरिक्त गैस आवंटन की मंजूरी दी

*अतिरिक्त गैस आवंटन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार, घरेलू उपभोक्ताओं और होटल, रेस्टोरेंट तथा चाय, चाट पकौड़ी के ठेले लगाने वाले लोगों को भी मिलेगी राहत*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** भले ही कांग्रेस पार्टी के नेता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिल्ली दौरे पर सवाल खड़े करते रहे हो लेकिन हमेशा यह देखने को मिला है कि जब भी मुख्यमंत्री शर्मा दिल्ली का दौरा करते हैं उसके कुछ घंटे बाद ही दिल्ली से प्रदेश के हित के लिए अच्छी खबर सुनने को मिल ही जाती है ।अभी हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर दिल्ली का दौरा किया था इस दिल्ली दौरे में उन्होंने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राम मनोहर नायडू से मुलाकात की थी। केंद्र में प्रधानमंत्री और मंत्रियों से हुई मुलाकातों के अच्छे नतीजे भी सामने आने लगे हैं जिसमें बड़ी राहत वाली खबर यह है कि केंद्र सरकार ने राजस्थान को 10 प्रतिशत अतिरिक्त गैस आवंटन की मंजूरी प्रदान कर दी है जिसकी वजह से अब प्रदेश के घरेलू गैस उपभोक्ताओं को तो बड़ी राहत मिलेगी। ही इसके अलावा होटल रेस्टोरेंट जैसे बड़ा कारोबार करने वाले और चाय चैट पड़ी के ठेले लगाने वाले लोगों को भी कहीं ना कहीं गैस से राहत मिल सकेगी। केंद्र सरकार ने कमर्शियल गैस आवंटन में भी लगातार वृद्धि कर रही है अब यह राजस्थान को 10 प्रतिशत अतिरिक्त गैस आवंटन की जो मंजूरी मिली है उसकी वजह से प्रदेश में हजारों लोग ऐसे हैं जो चाय चाट पकौड़ी पकोड़ेइत्यादि खेल लगते हैं जो कहीं ना कहीं गैस नहीं मिलने की वजह से काफी परेशान हो रहे थे इनमें कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने गैस नहीं मिलने की वजह से कुछ दिनों के लिए अपने धंधे बंद कर दिए थे इन परेशानियों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर प्रदेश के लोगों के खुशहाल जीवन के लिए दिल्ली का दौरा किया जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से राजस्थान को अतिरिक्त गैस आवंटन किए जाने का आग्रह किया जिसको केंद्र सरकार ने स्वीकार भी किया इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा का यह दिल्ली दौर अभी कहीं ना कहीं प्रदेश के लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ है हालांकि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से गैस को लेकर कोई ज्यादा बवंडर या परेशानी देखने को नहीं मिल रही क्योंकि सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करवाने के लिए ठोस प्रबंध किए हैं जिला कलेक्टर जिला रसद अधिकारियों को समुचित तरीके से गैस उपलब्ध करवाने के लिए जिम्मेदारी दी गई है गैस एजेंसी के मालिकों और कर्मचारियों की गतिविधियों पर भी सरकार कड़ी निगरानी रख रही है इसलिए फिलहाल राजस्थान में गैस सप्लाई की प्रक्रिया ठीक तरह से संपादित हो रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्र सरकार की ओर से राजस्थान को 10 प्रतिशत अतिरिक्त गैस का आवंटन सुनिश्चित करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गहरा आभार प्रकट किया है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमेशा ही राजस्थान पर विशेष आशीर्वाद रहा है राजस्थान के विकास और कल्याण के लिए केंद्र सरकार लगातार हर तरह से सहयोग प्रदान कर रही है जिसकी वजह से राजस्थान तेजी से विकसित राजस्थान की तरफ बढ़ रहा है मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय समय पर विभिन्न विषयों पर मिले मार्गदर्शन की भी खूब तारीफ की है ।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर में सुविधाजनक सब-वेरोड अंडर ब्रिज बनाने के निर्देश दिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा। सुविधाजनक सब-वे रोड अंडर ब्रिज बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारियों के रूप में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार कोनई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के लिए एक वर्कशॉप की। जहाँ रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी तरफ़ खेत, विद्यालय, श्मशान या अन्य उपयोगी एवं महत्वपूर्ण स्थान, ऐसे स्थानों पर ये रेल सब-वे रोड अंडर ब्रिज बनाए जाएंगे। रेल मंत्री ने देशभर में ऐसी रेल सब-वे रोड अंडर ब्रिज को बनाने का निर्देश दिया, जहाँ अपने रोजमर्रा के जीवन में बड़ी संख्या में लोग पटरियों को पार करते हैं। रेल मंत्री ने अधिकारियों को ऐसी सुविधाजनक रेल सब-वे रोड अंडर ब्रिज बनाने को कहा जो पटरी पार करने वाले लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे। इन रेल सब-वे रोड अंडर ब्रिज को बनाते समय यह ध्यान रखा जाएगा कि एक आम आदमी साइकिल, मोटर साइकिल तथा कामकाज से जुड़ी अन्य चीजों को भी अपने साथ ले जा सके। इससे देशभर में पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। देश की एक बड़ी आबादी के लिए भारतीय रेल की ये सब-वे रोड अंडर ब्रिज वरदान साबित होंगे। रेल मंत्री ने अधिकारियों को देश की इस बड़ी समस्या से अगले 5-6 वर्षों में निजात दिलाने को कहा। ये सब-वे रोड अंडर ब्रिज इस प्रकार से बनाए जाएंगे ताकि पटरियों के आर पार इनका निर्माण मात्र 12 घंटे में हो सके। रेल मंत्री ने कहा कि, डिज़ाइन इस प्रकार की हो, ताकि लोगों को इसे इस्तेमाल करने में कोई हिचक न हो। जल भराव से सब-वेरोड, अंडर ब्रिज प्रभावित न हो।

## पीएम मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा करवा कर देशवासियों के सालों पुराने सपने को पूरा किया : भजनलाल शर्मा

*जोधपुर में गुरुवार को शिकारपुरा धाम में राजारामजी महाराज के जन्म उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जोधपुर में एक बड़े धार्मिक आयोजन में जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवा कर देशवासियों के सालों पुराने सपना और संकल्प को पूरा किया। मुख्यमंत्री शर्मा गुरुवार को जोधपुर में शिकारपुरा धाम में राजाराम महाराज के जन्म उत्सव कार्यक्रम में आयोजित एक बड़ी धार्मिक सभा में बोल रहे थे इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पार्टी के कई जनप्रतिनिधि और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता की शामिल थे। इसके अलावा मौके पर बड़ी संख्या में प्रमुख साधु संत और विभिन्न बड़े मंदिरों के पुजारी तथा हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे जिनमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज का दिन भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्म उत्सव के रूप में भारतीय नहीं बल्कि दुनिया भर में रामनवमी के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने राक्षसों का अंत किया था जिसकी वजह से आज भी सनातन धर्म का पूरी दुनिया में अस्तित्व बना हुआ है उन्होंने मौके पर बड़ी संख्या में लोगों को उपस्थित देखकर काफी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए । कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन होना चाहिए ताकि इस तरह के आयोजन से सनातन धर्म को आज के बच्चे और युवा अच्छी तरह से समझ सके और जान सके युवाओं को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन चरित्र को समझने का अवसर मिल सके। यह तभी संभव होता है। जब इस तरह के बड़े धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मंदिरों के संरक्षण और विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है प्रदेश में गौशाला नंदी शाला इत्यादि के संरक्षण और विस्तार के लिए भी सरकार ने बजट में अच्छा प्रावधान किया है सरकार प्रदेश के सभी छोटे-बड़े मंदिरों के स्वरूप को निखारने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि दुनिया में एकमात्र सनातन धर्म ही है जो सबको भाईचारा और प्रेम की सीख देता है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों और प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आज का दिन काफी मंगल का दिन है और आज भक्ति और श्रद्धा भाव से उत्सव मनाने तथा पूजा पाठ करने से मंगल कामना सभी की पूरी होती है उन्होंने कहा कि सभी लोग एक दूसरे की मदद करें मानवता का भाव रखें तथा जरूरतमंद लोगों की सेवा करें पशुओं का भी पूरा ध्यान रखें कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का सम्मान किया गया इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा और शेखावत ने भगवान श्री राम और मां दुर्गा की पूजा अर्चना की और आरती उतारी । इससे पहले जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े बड़े नेताओं जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने शानदार स्वागत किया ।




## सुमित गोदारा ने गैस को लेकर अधिकारियों से किया संवाद और कहा प्रदेश में गैस का पर्याप्त स्टॉक, लोगों को नहीं हो रही परेशानी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर जरूरत के हिसाब से गैस मिले इसके लिए खाद्य मंत्री सुमित गोदारा रोजाना संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर रहे हैं और लगातार नए फैसले और कड़े निर्णय भी ले रहे हैं इसी क्रम में गुरुवार को भी खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की। इस बैठक में गोदारा ने प्रदेश के सभी जिलों के प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और रसद विभाग के अधिकारियों के साथ गैस वितरण को लेकर तमाम तरह का फीडबैक लिया तथा अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में गोदारा ने के मालिक और कर्मचारी की गतिविधियों पर भी नियमित रूप से कड़ी निगरानी किए जाने के निर्देश दिए तथा गैस वितरण से जुड़े सभी तरह के आंकड़ों को रोजाना शासन सचिवालय में बैठे अधिकारियों के साथ शेयर करने के निर्देश जिलों में बैठे अधिकारियों को दिए हैं ताकि गैस वितरण में जमाखोरी कालाबाजारी जैसी परिस्थितियां पैदा नहीं हो इसलिए बिना ओटीपी और बिना डायरी में एंट्री के गैस वितरण नहीं किए जाने के निर्देश की गोदारा ने दिए हैं तथा गैस कंपनी के कर्मचारियों को बाकायदा गले में अपना परिचय पत्र पहन कर रखने के निर्देश भी दिए है। बैठक में घरेलू गैस सिलेंडर से कमर्शियल गैस सिलेंडर में गैस भरने जैसी जो शिकायत पहले सुनने को मिली थी और कई जगहों पर रंगे हाथों इस तरह के मामलों को विभाग की टीम ने पकड़ा भी था इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गोदारा ने विभाग के अधिकारियों को दोषी कैसे एजेंसी मालिक और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं । बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते दिए मंत्री सुमित गोदारा ने कहा की प्रदेश में गैस का पर्याप्त स्टॉक है और लोगों को आसानी से उनकी डिमांड के अनुसार गैस मिल रही है किसी भी तरह की कोई दिक्कत प्रदेश में कहीं से भी सुनने को नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को उनकी डिमांड के मुताबिक गैस उपलब्ध करवाने के लिए ठोस प्रबंध किए हैं उन्होंने कहा कि शुरू में लोगों की आपाधाई से प्रदेश भर के लोगों के एक साथ ऑनलाइन बुकिंग करने की प्रक्रिया से सर्वर ठप पड़ गए थे इसलिए लोगों को यह लगा कि बुकिंग नहीं हो रही है तो कहीं ना कहीं गैस का संकट है लेकिन सरकार के पास पर्याप्त गैस का स्टॉक है और लोगों को किसी भी तरह से परेशान नहीं होने दिया जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार तथा प्रदेश के भजनलाल सरकार लगातार गैस संकट को देखते हुए ठोस कदम उठा रही है और तमाम व्यवस्थाएं भी कर रही है ताकि लोगों को परेशानी नहीं हो ।

CMYK

## आचार्य हस्ती चिकित्सालय में हुआ सेवाओं का विस्तार

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा संचालित आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्तिकुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में अपनी सेवाओं में विस्तार किया। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि डॉ ध्रवी भारद्वाज (चर्म रोग विशेषज्ञ) द्वारा सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 से 11:30 बजे तक डॉ मनीष त्यागी (नाक कान गला रोग विशेषज्ञ) द्वारा सोमवार व शनिवार प्रातः 10 से 11 बजे तक डॉ हरि सिंह यादव (हड्डी रोग विशेषज्ञ) द्वारा गुरुवार और शुक्रवार प्रातः 10 से 11 बजे तक डॉ शैली जैन (दंत रोग विशेषज्ञ) द्वारा सोमवार से शनिवार प्रातः 9 से 12 बजे तक डॉ इंदु गुप्ता (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा मंगलवार व गुरूवार प्रातः 10 से 11:30 बजे तक तपश्या भारद्वाज (साईक्लोजिस्ट, एस.एम.एस. चिकित्सालय, जयपुर) द्वारा शनिवार को प्रातः 9:30 से 11 बजे तक डॉ दिव्या शर्मा (होम्योपेथिक विशेषज्ञ) द्वारा प्रत्येक सोमवार से गुरूवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक अस्पताल में मौजूद रहेंगे उपरोक्त सभी चिकित्सकों की सेवाएं रियायती दरों पर रहेगी।

## करणी माता पैदल मार्ग पर विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** लादिया धार्मिक सेवा समिति द्वारा करणी माता पैदल मार्ग पर माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से माता मनसा देवी के पास एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और दिनभर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सेवादारों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इस विशाल भंडारे में मुख्य सेवादार गौरी शंकर विजय सहित राजेश सिद्ध, ठाकुरदास भोजवानी, मनोज विजय, मोहित पंडित, मुकेश विजय, सुनील शर्मा, नारायण साईवाल, विश्वेश्वर विजय, दिलीप खंडेलवाल, दीपक अग्रवाल, दक्ष विजय, चंदन, ऋषभ, लक्ष्य, यश, समीर, नमन, भूवंश विजय, जतिन विजय, चंदन मोदी और मान्या विजय सहित अनेक सेवादारों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा के लिए इस प्रकार के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे।

## विधायक महंत बालकनाथ योगी विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में हुए शामिल

### कालनेमी जैसे राक्षस आज भी मौजूद, हिंदुओं को सतर्क रहने की जरूरत- महंत बालकनाथ




जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालकनाथ योगी गुरुवार को तिजारा, मुंडावर और बहरोड़ क्षेत्र में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आमजन के बीच पहुंचकर सनातन संस्कृति, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महंत बालकनाथ योगी सबसे पहले तिजारा में सैनी समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने ढ़ाकी (तिजारा) में आयोजित दुर्गा माता मेला व भंडारे में भाग लिया। इसके उपरांत मुंडावर क्षेत्र के छापुर में बाबा धोकलनाथ की पुण्य स्मृति में आयोजित मेले में पहुंचे तथा बहरोड़ में चैत्र नवरात्रि महोत्सव एवं वार्षिक मेले में भी सहभागिता की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ धारण करना है। सनातन संस्कृति में मां देवी भगवती, प्रभु श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण सहित अनेक देवी-देवताओं ने समय-समय पर असुरों का विनाश कर धर्म की स्थापना की और समस्त जीवों की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत-मुनि, तपस्वी और योगेश्वर देश-विदेश में धर्म के वास्तविक स्वरूप और इसकी महत्ता को लोगों तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। महंत बालकनाथ ने कहा कि इतिहास में जिस प्रकार कालनेमी और महिषासुर जैसे राक्षस धर्म को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते रहे, उसी प्रकार आज भी कुछ लोग धर्म को बदनाम करने की सुनियोजित कोशिश करते हैं। ऐसे में समाज को सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सनातनी हिंदू इनके सबसे आसान निशाने पर रहते हैं, इसलिए समाज को एकजुट रहकर अपने धर्म और इष्ट में आस्था बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक समाज अपने धर्म के प्रति जागरूक और एकजुट रहेगा, तब तक विधर्मियों से मुकाबला करने की शक्ति मिलती रहेगी और कालनेमी व महिषासुर जैसे राक्षसों का अंत होता रहेगा।

## गुरमति समागम 29 को

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे के दूदू रोड़ पर स्थित श्रीचरण कमल साहिब गुरुद्वारा में रविवार को गुरमति समागम का आयोजन किया जाएगा। जथेदार बाबा बलविन्द्र सिंह ने बताया कि गुरमति समागम का आयोजन शुक्रवार से तीन दिवसीय श्री अखण्ड पाठ साहिब से शुरू होगा। रविवार को आयोजित गुरमति समागम में जयपुर अजमेर, ब्यावर, किशनगढ़,दूदू, अलवर सहित अन्य जगहों से संगत गुरूद्वारा श्री चरण कमल साहिब नरैना पहुंचेगी। आयोजन के दौरान प्रमुख रागी-जत्थे गुरुवाणी का बखान व कथा वाचन कर उपस्थित संगत को निहाल करेंगे। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में यातायात पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

### 500 विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों व राजकोप ऐप की जानकारी






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** यातायात पुलिस अलवर द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र-छात्राओं, स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों तथा अध्यापक-अध्यापिकाओं को यातायात नियमों, राजकोप सिटीजन ऐप और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 500 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों और पुलिस की डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि डॉ. प्रियंका अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अलवर तथा सीओ यातायात जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में यातायात शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक संजय शर्मा द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला प्रशिक्षण केन्द्र अलवर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को राजकोप सिटीजन ऐप की विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ऐप के माध्यम से आपातकालीन सहायता, साइबर क्राइम रिपोर्ट, किरायेदार व नौकर सत्यापन, ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण, खोए हुए मोबाइल को ब्लॉक/अनब्लॉक करना, हेल्पलाइन नंबर, पुलिस डायरेक्टरी, एफआईआर डाउनलोड एवं उसकी स्थिति अपडेट तथा संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की रिपोर्ट जैसी सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। कार्यक्रम में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना की जानकारी भी दी गई। योजना के तहत सड़क दुर्घटना के दौरान 'गोल्डन ऑवर' यानी पहले एक घंटे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा निर्धारित राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को बिना किसी भय के दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों और नागरिकों से सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### यातायात पुलिस की अपील:

* वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें।
* कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें।
* दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाएं।
* लाल बत्ती का उल्लंघन न करें।
* रॉन्ग साइड में वाहन न चलाएं।
* वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।
* अधिक गति से वाहन न चलाएं।

यातायात पुलिस ने सभी से यातायात नियमों की पालना करते हुए सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया।

## श्याम वंदना का भव्य आयोजन 11 अप्रैल को दशहरा मैदान में

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.) अलवर द्वारा चतुर्दशम श्री श्याम वंदना का भव्य आयोजन 11 अप्रैल 2026, शनिवार को सायं 7:15 बजे दशहरा मैदान में किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता महेंद्र गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महंत गंगादास जी महाराज (अयोध्या धाम), कृष्णा चैतन्य मोहनाचार्य पीठाधीश्वर प्रेम पीठ तिजारा तथा परम संरक्षक अशोक जैन (अगोनिज) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा।

कार्यक्रम में छोटू सिंह रावणा (बाड़मेर), पारस लाडला एवं माधवी शर्मा (वृंदावन), संजय शर्मा तथा मोहन यादववंशी अपने मधुर भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्री श्याम वंदना में सराबोर करेंगे।

समिति के अध्यक्ष रूपेश जैन, महामंत्री जयप्रकाश जैन और कोषाध्यक्ष बृजेश गुप्ता का आयोजन में विशेष सहयोग रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र मिश्रा एवं मनीष जैन होंगे, जबकि कीर्तन संयोजक जितेंद्र खंडेलवाल, लोकेश गुप्ता और प्रमोद अग्रवाल को बनाया गया है।



इसके अलावा समिति के संरक्षक विमल कुमार जैन, राजेंद्र सिंह चौधरी, कमलचंद जैन, रतनलाल, जितेंद्र खुराना सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन, रविंद्र कुमार जैन, लक्ष्मी नारायण खंडेलवाल, अंशुल गोयल, रविंद्र मिश्रा, नवीन जैन, विजय गुप्ता, पुष्पेंद्र जैन, भुवनेश विजय, तरुण कालरा, हितेश गुप्ता, राकेश सैनी, कुलदीप सिंह, लक्ष्मण शर्मा, यश भार्गव, अर्पित गोयल एवं अमन अग्रवाल का सहयोग रहेगा।

प्रवक्ता महेंद्र गोयल ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के आमंत्रण-पत्र का विमोचन भी किया गया तथा शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का लाभ लेने का आग्रह किया गया।

## संविदा व प्लेसमेंट कर्मचारियों की विशाल पैदल मार्च रैली, न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने व मेरिट-बोनस से भर्ती की मांग




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** बढ़ती महंगाई के बीच अपने अधिकारों को लेकर 'संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति राजस्थान' के बैनर तले जिले भर के प्लेसमेंट व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने गुरुवार को शहर में विशाल पैदल मार्च रैली निकाली। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शहीद स्मारक पहुंची, जहां कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

शहीद स्मारक व आईएमए हॉल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए समिति के प्रदेशाध्यक्ष यश जोशी ने कहा कि राजस्थान के विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी विभागों में प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों का आर्थिक शोषण हो रहा है। उन्हें मिलने वाली वर्तमान न्यूनतम मजदूरी परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि पड़ोसी राज्यों हरियाणा, दिल्ली, गुजरात और मध्यप्रदेश में न्यूनतम मजदूरी व परिवर्तनशील महंगाई भत्ता (VDA) की दरें राजस्थान की तुलना में अधिक हैं। जब देश में महंगाई दर लगभग समान है तो राजस्थान के कर्मचारियों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आगामी सरकारी भर्तियों में प्लेसमेंट कर्मचारियों को मेरिट व बोनस अंक के आधार पर अवसर देने की मांग की।

रैली के बाद प्रतिनिधिमंडल ने देश के राष्ट्रपति और राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए न्यूनतम मजदूरी में सम्मानजनक बढ़ोतरी, समान कार्य के लिए समान वेतन, राजकीय संस्था (RMLCL/RLSDC) का गठन कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को उसमें शामिल करने, आगामी भर्तियों में मेरिट व बोनस के आधार पर भर्ती करने तथा वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग रखी।

समिति के महामंत्री ऋतिक रोशन व सचिव सुनील चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो प्रदेश भर के अल्पवेतनभोगी कर्मचारी आंदोलन को और तेज करने को मजबूर होंगे। रैली में जिले के विभिन्न विभागों के संविदा व प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## बकाया कर व चालानों का निस्तारण अनिवार्य, परिवहन विभाग की सघन जांच व जब्ती कार्रवाई जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में केवल पांच दिन शेष रहने के चलते परिवहन विभाग ने राजस्व वसूली और नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग द्वारा बकाया कर और लंबित चालानों के निस्तारण को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अनुसार अलवर कार्यालय में पंजीकृत वार्षिक कर देयता वाले 5454 भार वाहनों में से अब तक 3666 वाहनों ने वर्ष 2026-27 का कर जमा करा दिया है, जबकि 1788 वाहनों का कर अभी भी बकाया है। 15 मार्च 2026 के बाद से बकाया कर पर 1.5' पेनल्टी लगाई जा रही है, जो 31 मार्च 2026 के बाद बढ़कर 3' हो जाएगी। इसी प्रकार दिसंबर 2025 तक बनाए गए लगभग 27 हजार चालान अभी भी लंबित हैं, जिनसे करीब 16 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हो सकता है। इसके अतिरिक्त पिछले वर्षों का बकाया कर जमा नहीं कराने वाले 304 भार वाहनों पर लगभग 2.70 करोड़ रुपये तथा 40 यात्री वाहनों पर करीब 35 लाख रुपये कर बकाया है। खनिज विभाग से प्राप्त ओवरलोड ई-रवन्ना प्रकरणों में 6092 वाहनों से करीब 40.17 करोड़ रुपये बकाया हैं। वाहन स्वामियों को आईटीएमएस पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी कर 15 दिन में प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में निस्तारण नहीं होने पर पोर्टल द्वारा स्वतः ई-चालान जारी किए जा रहे हैं, जिनकी सूचना वाहन स्वामी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जा रही है। वर्तमान में आईटीएमएस पोर्टल से जारी 1344 ओवरलोड चालानों में 1.04 करोड़ रुपये बकाया हैं। सरकार द्वारा ई-रवन्ना प्रकरणों में एमनेस्टी योजना के तहत जुर्माना राशि में छूट भी प्रदान की गई है। परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए मार्च माह में बकाया कर अथवा नियम विरुद्ध संचालित पाई गई 18 बसों के चालान बनाकर 16 बसों को सीज किया गया है। वहीं 93 भार वाहनों के चालान बनाकर 54 वाहनों को भी जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक इकाइयों में बिना कर जमा संचालित पाए गए 18 क्रेन व फोर्कलिफ्ट जैसे वाहनों को भी सीज किया गया है। परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि आगामी दिनों में जांच अभियान और तेज किया जाएगा। इसलिए वाहन स्वामी बकाया कर व चालानों का शीघ्र निस्तारण कर अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

## 31 बेटियों की चरण वंदना व आरती कर दी शिक्षण सामग्री और उपहार





### कई महिलाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से रामनवमी पर दिवाकरी स्थित शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल में 31 जरूरतमंद बेटियों की चरण वंदना कर उनकी पूजा अर्चना कर उन्हें शिक्षण सामग्री और उपहार दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी और संरक्षक दौलत राम हजरती और सभी महिलाओं ने दीप प्रज्वलन करके की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेविका संतोष शर्मा ने की। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस अवसर पर सेवा कार्यों के लिए नारी शकित सम्मान से हयूमन राइटस सिकयोरिटी आर्गेनाइजेशन की शहर अध्यक्ष संगीता सिंह, अर्चना आमेरिमा, ज्योति अलग और अमिता सहित शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभा सिंह, जागृति सिंह, निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के लिए रेखा कर्दम को सम्मानित किया गया। इन्हें पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर की एथलीट कमला यादव ने प्रदान किए। कार्यक्रम में सभी ने बेटियों के चरण धोए और उनकी पूजा कर उन्हें उपहार तथा शिक्षण सामग्री दी। इन्हें फल, प्रसाद व दूध दिया गया। कार्यक्रम में नेक कमाई की ओर से सुनीता शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि नेक कमाई बेटियों को स्वावलंबी बनाने के लिए बहुत से कार्यक्रम चला रहा है जिसमें सिलाई प्रशिक्षण, स्कालरशिप, जरूतरमंद बेटियों का कन्यादान सहित कई विमंदित व मूक बधिर बेटियों का निशुल्क शिक्षण व प्रशिक्षण है। कार्यक्रम में हयूमन राइट संस्था की संगीता सिंह, ज्योति अलग, अर्चना आमेरिया, कमला यादव, विनेश शर्मा विककी, संतोष शर्मा, प्रियंका शर्मा, शिवी शर्मा, मुस्कान अलग, संगीता मीणा, सुनीता शर्मा, जिज्ञासा, संगीता मीणा अमिता शर्मा रेखा कर्दम आदि ने बेटियों की पूजा अर्चना की। सभी का स्वागत प्रतिभा सिंह ने किया। अंत में अर्चना आमेरिया और सुनीता शर्मा ने आभार जताया। इस कार्यक्रम में खानचंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट और हयूमन राइट आर्गेनाइजेशन का योगदान रहा। संचालन जिज्ञासा सिंह ने किया। अंत में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया

## सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा ने सहपत्नी करणी माता मंदिर में की पूजा-अर्चना, जिले को मौसमी बीमारियों से बचाने की प्रार्थना

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** बाला किला स्थित करणी माता मंदिर में गुरुवार को जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. योगेंद्र शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी डॉ. सरोज शर्मा (गायनेकोलॉजिस्ट) के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने माता को चुनरी अर्पित कर जिले को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने की कामना की। मंदिर में पंडित विपिन शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। डॉ. योगेंद्र शर्मा ने माता के श्रीचरणों में अरदास लगाते हुए जिलेवासियों के अच्छे स्वास्थ्य और मौसमी बीमारियों से मुक्ति की प्रार्थना की। करणी माता मेला समिति के संयोजक राजेश जोशी ने बताया कि मंदिर पहुंचने पर समिति के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने डॉ. योगेंद्र शर्मा और उनकी धर्मपत्नी का पटका पहनाकर स्वागत किया।



### सामाजिक समरसता का संदेश

## वनवासी कल्याण परिषद ने किया सामूहिक कन्या पूजन, 70 कन्याओं का हुआ सम्मान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** दुर्गा अष्टमी और श्री रामनवमी के पावन अवसर पर अलवर शहर की शिवाजी पार्क बस्ती में वनवासी कल्याण आश्रम की बहनों द्वारा गाड़ियां लोहार परिवारों के साथ सामाजिक समरसता का भाव रखते हुए सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिव मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में लोहार बस्ती एवं आसपास की लगभग 70 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया तथा उन्हें भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा और समरसता का संदेश दिया गया। वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संयोजक डॉ. रमेश अग्रवाल ने कार्यक्रम को गरिमापूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि सामान्यतः सभी बहनें अपने-अपने घरों में कन्या पूजन करती हैं, लेकिन इस बार सामूहिक रूप से एक स्थान पर कार्यक्रम आयोजित कर समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहनों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को और अधिक व्यापक रूप से करने का संकल्प लिया। साथ ही लोहार बस्ती के बच्चों की पूरे वर्ष देखभाल और सहयोग करने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रांत गौ सेवा प्रमुख अशोक गुप्ता और पर्यावरण प्रमुख उमराव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ओमा शर्मा, इन्दूबाला, नंदिनी गुप्ता, इंदिरा माथुर, कान्ता, कृष्णा, सविता, गीता, गरिमा गेयल, रूबी वर्मा सहित अन्य बहनों ने सक्रिय योगदान दिया।



# गैस की किल्लत और तेजी से बढ़ रही महंगाई को लेकर गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में आज जयपुर में कांग्रेस का विशाल प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में एलपीजी गैस की कमी और तेजी से बढ़ रही महंगाई को लेकर राजस्थान कांग्रेस की ओर से पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन किए गए । इसी क्रम में आज राजधानी जयपुर में भी राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर विशाल प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा की कार्रवाई आज सुबह 10:00 बजे शुरू होगी इस प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस जनों के शामिल होने को लेकर शहर कांग्रेस से जुड़े सभी नेता सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और कांग्रेस जनों को सभा में आने की अपील भी कर रहे हैं जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से शहर भर के कांग्रेस जनों को इस





प्रदर्शन में आने की अपील की है इसके अलावा शहर कांग्रेस से जुड़े अन्य नेताओं ने भी आज के इस प्रदर्शन में आने के लिए लोगों से अपील की है। जानकार लोगों का कहना है कि आज शहीद स्मारक पर राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की नेतृत्व में हो रहे इस प्रदर्शन पर प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों की निगाह है खास तौर से प्रदेश में सत्ता और संगठन से जुड़े लोगों की निगाह भी कांग्रेस के इस प्रदर्शन पर जमी हुई है। अब देखने वाली बात यह है कि आज के इस प्रदर्शन में शहीद स्मारक पर कितनी संख्या में लोग पहुंचते हैं जानकार लोगों का कहना है कि आज का यह प्रदर्शन जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सुनील शर्मा के लिए एक तरह से अग्नि परीक्षा के समान ही होगा क्योंकि कुछ दिन पहले ही सुनील शर्मा ने जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद पर कामकाज संभाला है । इसलिए अगर आज के इस प्रदर्शन में कांग्रेस जनों की संख्या काफी ज्यादा रहेगी तो निश्चित रूप से शर्मा की राजनीतिक ताकत में इजाफा होगा और अगर प्रदर्शन में कांग्रेस जनों की संख्या कम रही तो फिर शर्मा की राजनीतिक प्रतिष्ठा पर विपरीत असर भी पड़ सकता है इसीलिए आज के इस प्रदर्शन को शानदार बनाने के लिए सुनील शर्मा और उनके समर्थक जोर-जोर से तैयारी में जुटे हुए हैं और शहर भर के पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं पार्टी के वर्तमान और पूर्व विधायकों तथा संगठन से जुड़े नेताओं से संपर्क करके आज की इस सभा में ज्यादा से ज्यादा पार्टी जनों के शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। जानकार लोगों का कहना है कि हालांकि प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है लेकिन जिला अध्यक्षों की टीम का गठन कई दिनों बाद भी नहीं हो पाया है इसलिए नए जिला अध्यक्ष अपने हिसाब से पार्टी के संगठन को गति नहीं दे पा रहे हैं इसलिए जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी की नई टीम का भी अभी गठन नहीं हुआ है हालांकि सुनील शर्मा ने जिला अध्यक्ष पद पर काम शुरू कर दिया है लेकिन पुराने कार्यकारिणी के सहारे ही अभी जयपुर शहर जिला कांग्रेस अपना कामकाज कर रही है पूर्व में आर आर तिवारी जयपुर शहर जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद पर नियुक्त थे लेकिन जब तक तिवारी अध्यक्ष रहे तब तक जयपुर में कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित होने वाले प्रदर्शन ज्यादा सफल नहीं दिखाई तिवारी की अगवाई में जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी के नेता एक मंच पर नजर नहीं आए आए जिसकी वजह से जयपुर शहर कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले प्रदर्शनों में कांग्रेस जनों की संख्या काफी कम देखी गई इसलिए आज जिस तरह से तेजी से बढ़ रही महंगाई और गैस की कमी को लेकर डोटासरा के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है यह प्रदर्शन सुनील शर्मा की प्रतिष्ठा से सीधा जुड़ गया है।

## भांकरोटा में फार्म हाउस पर पुलिस का छापा, अवैध कसीनो में जुआ खेलते 20 लोगों को पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** शहर में भांकरोटा थाना इलाके में एक फार्म हाउस पर पुलिस ने छापा मार करवाई को अंजाम दिया। छापामार कार्रवाई के दौरान मौके पर कसीनो में जुआ खेल रहे 20 लोगों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार लोगों में कई लोग राजस्थान से बाहर के बताए गए है। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार लोगों से 5 लाख 82000 रुपए, 27 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप 6 हुका तथा एक कैसिनो बरामद किया गया है कसीनो में जुआ की एंट्री दर्ज की जाती थी । जानकारी के अनुसार पूछताछ में पता चला है कि जुआ खेलने के दौरान नकदी समाप्त होने के बाद अवैध हवाला की राशि के माध्यम से भी जुआ खेला जाना सुनिश्चित किया गया था । पुलिस फार्म हाउस के संचालकों से भी आवश्यक पूछताछ कर पता लगाएगी कि यहां पर अवैध कसीनो का संचालन कब से हो रहा था और यहां जुआ खेलने वाले लोगों को कौन बुलाता था किसके सानिध्य में यह सारा खेल चल रहा था। जानकारी के अनुसार पुलिस को अपने स्तर पर छानबीन में पता चला था कि फार्म हाउस में अवैध गतिविधियां संचालित होती है पुलिस गुपचुप में फार्म हाउस की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी । पुलिस को जब यह पता चल गया कि फार्म हाउस में अवैध कसीनो में जुआ खेला जा रहा है इसके बाद पुलिस ने बहुत ही सुनियोजित तरीके से फार्म हाउस पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया और रंगे हाथों जुआ खेलते लोगों को पकड़ा । अचानक मौके पर पुलिस की हुई एंट्री को देखकर जुआ खेल रहे लोगों में घबराहट छा गई पुलिस ने घेराबंदी करके सभी को दबोच लिया।

## श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा के लिए श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर)-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04735, श्रीगंगानगर-लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 2.4.26 से 9.7.26 तक (15 ट्रिप) श्रीगंगानगर से प्रत्येक गुरूवार को 12.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 9.55 बजे लक्ष्मीबाई नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04736, लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) - श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 3.4.26 से 10.7.26 तक (15 ट्रिप) लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से प्रत्येक शुक्रवार को 13.55 बजे रवाना होकर शनिवार को 12.20 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, ऐनलाबाद, नोहर, तहसील भादरा, सादुलपुर, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ सीकर, सीकर, रींगस, फुलेरा, किशनगढ, अजमेर, भीलवाडा, चित्तौडगढ, नीमच, मंदसौर, रतलाम व फतेहाबाद चन्द्रावतीगंज स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड श्रेणी सहित 20 डिब्बे होगें।

## मुख्यमंत्री का एक पैर तो दिल्ली में ही टिका रहता है, अस्पतालों में पेंशनर भटक रहे हैं : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की वर्तमान बदहाली पर भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री जनता की पीड़ा समझने के बजाय 'नॉन-रेसिडेंट मुख्यमंत्री' की भूमिका निभा रहे हैं। जूली ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं और आरजीएचएस योजना की हालत अब केवल चरमराहट तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी तरह पतन की स्थिति में पहुँच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी अस्पतालों ने पिछले वर्ष ही चेतावनी दी थी कि भुगतान न मिलने पर सेवाएं रोकनी पड़ेंगी, लेकिन सरकार बेरुखी और संवेदनहीनता की मूर्ति बनी रही। आज प्रदेशभर में निजी अस्पतालों और दवा दुकानों के करोड़ों रुपये अटके पड़े हैं। इसकी सबसे बड़ी मार हमारे बुजुर्ग पेंशनर्स पर पड़ रही है। अब ओपीडी में कैशलेस दवाएं मिलना बंद हो गई हैं और मरीज बिना इलाज के दर-दर भटकने को मजबूर हैं। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य में उपजे ऊर्जा और ईंधन संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता गैस के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। इन बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है।मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए जूली ने कहा कि राजस्थान की चिकित्सा और व्यवस्था लगभग ढह चुकी है, जनता का जीवन खतरे में है, लेकिन मुख्यमंत्री का एक पैर हमेशा दिल्ली में ही रहता है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को कॉफिडेंट होकर नेतृत्व करना चाहिए था और स्वास्थ्य मंत्री जो को इस संकट को सुलझाने के लिए निर्देश देने चाहिए थे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के विजन की याद दिलाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो लोग तुलना की बात करते हैं, उन्हें एक बार अस्पतालों की जमीनी हकीकत देख लेनी चाहिए। कांग्रेस के समय जो स्वास्थ्य ढांचा खड़ा किया गया था, उसे भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। आज प्रदेश कराह रहा है और मुख्यमंत्री दिल्ली घूम रहे हैं। अब विज्ञापनों के झूठ से जनता को और अधिक गुमराह नहीं किया जा सकता



## नवाचारों और उपलब्धियों के की आरसीडीएफ की जमकर प्रशंसा की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, एवं गोपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले ने सरस को राष्ट्रीय स्तर का ब्राण्ड बनाने के लिये किये जा रहे गम्भीर प्रयासों और डेयरी विकास के क्षेत्र में किये गये नवाचारों के लिये आरसीडीएफ प्रबन्धन की सराहना की है। उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में आरसीडीएफ द्वारा अर्जित किये गये रिकार्ड टर्नओवर और 47 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने के लिये आरसीडीएफ और जिला दुग्ध संघों की कार्य प्रणाली की भी प्रशंसा की है। उन्होंने आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संघों को देशभर में डेयरी विकास के क्षेत्र में प्रतिष्ठित गोपाल रत्न अवार्ड और भारतीय सेना से मिले सम्मान पर प्रसन्न्ता व्यक्त की। वर्तमान में 45 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन के लिये बघाई देते हुऐ उन्होंने राज्यभर में कार्यशील समितियों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जिससे अधिक से अधिक संख्या में दुग्ध उत्पादकों को डेयरी से जोड़ा जा सके। भाले जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय में डेयरी फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने गुणवत्ता नियन्त्रण के लिये एक राज्य स्तरीय क्वालिटी कंट्रोल डेशबोर्ड बनाने का सुझाव दिया जिस पर राज्यभर की सहकारी डेयरियों के दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की मोनिटरिंग की जा सके। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता परीक्षणों के लिये अत्याधुनिक टैस्टिंग मशीन एवं उपकरण लगाये जाने चाहिये। उन्होंने कैमल मिल्क को पाउडर के रूप में विकसित करने और चिपलेट फोर्म में बटर के उत्पादन एवं विक्रय का भी सुझाव दिया।

## ज्वेलरी की हत्या और लूट के बाद कारोबारी में आक्रोश, भाजपा विधायक जगत सिंह का बयान चर्चा में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भरतपुर जिले के नदबई में बाइक पर सवार दो लुटेरे ज्वेलर की गोली मारकर उससे सोने और चांदी के आभूषण से भरा बैग लूटकर फरार हो गए गोली लगने से ज्वैलर योगेश चोपड़ा की मौत हो गई ज्वेलरी की मौत के बाद नदबई के व्यापार जगत से लोगों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है लोगों ने तुरंत लुटेरों की गिरफ्तारी की मांग की है और कस्बे में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने को भी कहा है सूचना मिलने के बाद नदबई के भाजपा विधायक जगत सिंह भी मौके पर पहुंचे और मृतक ज्वेलर्स योगेश के परिजनों से मुलाकात करके उन्हें सांत्वना प्रदान की भाजपा विधायक जगत सिंह इस घटना से इतने दुखी और आकर्षित दिखे कि उन्होंने यहां तक कह दिया कि खून का बदला खून से लिया जाएगा हालांकि जगत सिंह ने मृतक ज्वेलर्स के परिजनों को सरकारी नौकरी, आर्थिक मुआवजा और सरकारी सहायता राशि दिलाने का पूरा भरोसा दिलायाहै जानकारी के अनुसार नदबई में पंजाबी कॉलोनी में रहने वाला योगेश चोपड़ा कस्बे में स्थित अपनी ज्वेलरी की दुकान को बंद करके स्कूटी से घर लौट रहा था तभी उसके घर से महज 100 किलोमीटर दूर घात लगाकर बैठे बाइक सवार दो लुटेरों ने उसके गोली मार दी यह गोली योगेश के गले में लगी जिसकी वजह से वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया लुटेरों ने तुरंत घायल योगेश से सोने और चांदी से



भरा बैग छीना और फरार हो गए बाद में घायल योगेश को उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई इस हत्याकांड और लूट की घटना के बाद पूरे कस्बे में आक्रोश छा गया व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया जैसे ही यह खबर स्थानीय विधायक जगत सिंह को मिली वह भी तुरंत मौके पर पहुंचे इस बीच घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी झूठे हैं भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि फरार बदमाशों के बारे में पुलिस को कुछ बड़े सुराग मिले हैं जिनके आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है इसके लिए पुलिस ने तुरंत ही इलाके में नाकाबंदी भी करवाई थी और एक इलाके से जुड़े सभी छोटे बड़े सड़क मार्गों पर पुलिस की चेकिंग और नाकाबंदी भी शुरू की गई तथा आसपास के जिला पुलिस को भी घटना के बारे में बताया गया लेकिन खबर लिखे जाने तक बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर थे

## दिल्ली में राजस्थान यूथ कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदारों को लेकर इंटरव्यू की प्रक्रिया, दावेदारों की लिस्ट किसी भी समय हो सकती है जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव में दावेदारों को लेकर दिल्ली में युवक कांग्रेस के नेताओं के इंटरव्यू लेने की प्रक्रिया संपादित की जा रही है युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रभारी राजस्थान कांग्रेस की युवा शाखा से जुड़े नेताओं के इंटरव्यू ले रहे हैं जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके अनिल चोपड़ा, अभिषेक चौधरी, मुकुल, पारस इत्यादि कई नेताओं ने युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए दावेदारी जताई है इन नेताओं ने दिल्ली में इंटरव्यू भी दिए हैं इंटरव्यू की प्रक्रिया करीब-करीब पूरी हो चुकी है और कभी भी दावेदारों की लिस्ट कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार की ओर से जारी की जा सकती है । जानकारी के अनुसार राजस्थान युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए दिल्ली से 30 से 40 दावेदारों की घोषणा हो सकती है यह घोषणा कभी भी की जा सकती है जानकारी के अनुसार राहुल गांधी के निर्देश पर इस बार पूरे देश में युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए एक नई प्रक्रिया अपनी जा रही है जिसमें युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने वाले नेताओं के नाम का ऐलान दिल्ली से होगा दिल्ली में बैठे पार्टी के नेता चुनाव लड़ने वाले नेताओं से वकायदा इंटरव्यू लेंगे इंटरव्यू में उनकी राजनीतिक कुशलता दक्षता ईमानदारी कर्मठता परफॉर्मेंस सक्रियता शैक्षणिक योग्यता भाषण शैली मुद्दों पर पकड़ इत्यादि सभी विषयों के बारे में युवक कांग्रेस के नेताओं की दक्षता को पहचाना जाएगा इसके लिए संयोजित तरीके से दिल्ली में इंटरव्यू युवा कांग्रेस का चुनाव लड़ने वाले नेताओं के इंटरव्यू होंगे और जो इंटरव्यू में सफल



होगा उसे ही चुनाव लड़ने का हक दिया जाएगा इसलिए राजस्थान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को चिन्हित करने के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया करीब करीब कंप्लीट हो चुकी है अब किसी भी समय दावेदारों के नाम का ऐलान दिल्ली से हो सकता है नाम का ऐलान होने के बाद जयपुर में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी कहा जा रहा है कि राजस्थान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर इस बार अनिल चोपड़ा की तगड़ी दावेदारी है हालांकि राजस्थान विद्यालय छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष अभिषेक चौधरी भी सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से अपनी उपस्थिति दिखाते हैं लेकिन अनिल चोपड़ा सचिन पायलट के काफी करीबी हैं और जिस तरह से उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से राव राजेंद्र सिंह से बहुत ही कम मतों से पराजित हुए थे उसके बाद भले ही चोपड़ा चुनाव हार गए हो लेकिन उनकी पराजय को भी राजनीतिक विश्लेषक जीत की तरह मान रहे थे इसलिए अनिल चोपड़ा युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो सकते हैं अब यह आने वाला समय बताया कि राजस्थान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किस नेता की ताजपोसी होती है ।

## युद्ध को लेकर सरकार ने पहले तैयारी नहीं की, राहुल गांधी की वार्निंग को गंभीरता से नहीं लियाः अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मिडिल ईस्ट युद्ध को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को कटकारी में खड़ा किया को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि युद्ध को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व में कोई तैयारी नहीं की जबकि राहुल गांधी ने युद्ध को लेकर सरकार का ध्यान भी आकृष्ट किया लेकिन राहुल गांधी की बात को सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया इसीलिए आज पूरे देश में तेल और गैस का संकट बना हुआ है अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर युद्ध से पहले ही सरकार की तैयारी अच्छी होती तो आज देश में कठिन और विपरीत स्थिति पैदा नहीं होती आज लोगों को परेशानी का सामना करना नहीं पड़ता लेकिन सरकार इस मामले में पूरी तरह से विफल साबित हुई उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी गैस की कमी की वजह से छोटे-बड़े सभी धंधे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं कई लोगों ने गैस की कमी की वजह से अपने धंधे ही बंद कर दिए हैं रेस्टोरेंट होटल इत्यादि का कारोबार तो बुरी तरह से प्रभावित हो ही रहा है इसके अलावा छोटे-छोटे चाय थोड़ी का संचालन करने वाले लोग भी गैस नहीं मिलने की वजह से अपनी आजीविका चलाने के लिए परेशान हो रहे हैं उन्होंने कहा कि सरकार भले ही यह बार-बार कहे कि प्रदेश में गैस और पेट्रोल की कमी नहीं है लेकिन हकीकत यह है कि गैस पेट्रोल डीजल की कमी की वजह से प्रदेश की व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़



गई है मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यह युद्ध कितना लंबा चलेगा इस बात को कोई नहीं जानता और यह लड़ाई जितनी लंबी चलेगी उतनी ही परेशानी आने वाले दिनों में देश के लोगों के सामने खड़ी होने वाली है इसलिए केंद्र और प्रदेश सरकार को इस विषय पर गंभीरता से ठोस प्रयास करने होंगे ताकि लोगों को कम परेशानी का सामना करना पड़े क्योंकि युद्ध की वजह से ही तेल गैस पेट्रोल की भारी कमी आई है राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसलिए कुछ महीनो से अचानक अपने बयानों के माध्यम से प्रदेश और केंद्र सरकार को रोजाना नए-नए मुद्दों पर कटघरे में खड़ा कर रहे हैं गहलोत रोजाना अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न विषयों और मुद्दों पर तथा ज्वलंत करंट मुद्दों पर तुरंत अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं इसलिए प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में गहलोत की तगड़ी उपस्थिति से एक बार फिर से राजस्थान कांग्रेस से जुड़े नेताओं में तो गहलोत को लेकर चर्चा हुई रही है इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में भी गहलोत के बयानों को लेकर खूब चर्चा हो रही है।

## चांदी 4000 और सोना 1500 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 237000 रुपए प्रति किलो में बिकी

।जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में गुरुवार को चांदी और सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई गुरुवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 4000 और सोना 1500 रुपए सस्ता नजर आया गुरुवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 237000 रुपए प्रति किलो में बेची गई इसी तरह से शुद्ध सोना 147000 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 137500 रुपए प्रति 10 ग्राम के दर पर निर्धारित था जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि मिडिल ईस्ट युद्ध का प्रभाव भी कहीं ना कहीं सोने और चांदी की कीमत पर पड़ रहा है इसके अलावा सोने और चांदी की कीमत में पिछले कुछ महीनो से जबरदस्त उतार-चढ़ाव बना हुआ है कभी सोने और चांदी की कीमत में कुछ दिनों तक लगातार वृद्धि होती रहती है तो फिर अचानक ही कुछ दिनों तक लगातार कीमत में गिरावट होती रहती है इसलिए कभी सोने और चांदी के भाव बढ़ते हैं तो फिर अचानक ही इन दामों में गिरावट आ जाती है इसलिए सोने और चांदी की कीमत में स्थिरता नहीं होने की वजह से कहीं ना कहीं सोने और चांदी की खरीदारी पर विपरीत असर पड़ रहा है लोग सोने और चांदी के आभूषण खरीदने के लिए खुद को मानसिक रूप से मजबूत नहीं समझ पा रहे सोने और चांदी की कीमत में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव से लोगों को यह लगता है कि सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से उनकी रकम डूब



सकती है या उन्हें घाटा लग सकता है इसलिए लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में इन्वेस्ट करने में ज्यादा रुचि रख रहे हैं इसीलिए जयपुर सराफा बाजार का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है हालांकि जयपुर सराफा बाजार में लोग नजर भी आते हैं लेकिन यह लोग ज्यादातर वे लोग हीहोते हैं जिनके घरों में ब्याह शादियां हैं क्योंकि ब्याह शादी में चाहे अमीर हो या गरीब थोड़े बहुत गहन तो खरीदने ही पड़ते हैं इसलिए जिनके घरों में ब्याज शादियां हैं वे मजबूरी में जरूर जयपुर सराफा बाजार में सोने चांदी के आभूषण खरीदते हुए नजर आ जाते हैं इनमें भी कई लोग ऐसे होते हैं जिनके पास पुरानी चांदी होती है यह लोग पुरानी चांदी को बाजार में बेचकर उसके बदले सोने और चांदी के आभूषण खरीद लेते हैं ।

# हाई कोर्ट बुजुर्ग महिला को लेकर भावुक हुआ : पुलिस महानिदेशक और साइबर क्राइम एसपी को वर्चुअल उपस्थित होने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वैसे देश के न्यायालय कभी भी भावुक होकर कोई फैसला नहीं देते बल्कि सबूत और तथ्यों के आधार पर फैसला सुनाते हैं लेकिन राजस्थान हाई कोर्ट का एक भावुक नजरिया अभी सामने आया है जिसमें 80 लाख रुपए रुपए की धोखाधड़ी डिजिटल हरेस्ट मामले में 83 साल की बुजुर्ग महिला को इंसाफ दिलाने के लिए न्यायाधीश समीर जैन ने एक तरफ जहां पुलिस महानिदेशक और साइबर क्राइम एसपी को वर्चुअल उपस्थित होने को कहा है तो दूसरी तरफ राजस्थान सरकार को भी निर्देश दिया है कि बुजुर्ग महिला अगर जयपुर में इस केस के मामले में रहना चाहती है तो उसके खाने-पीने और ठहरने की उचित





व्यवस्था की जाए जानकारी के अनुसार 80 लाख रुपए धोखाधड़ी डिजिटल अरेस्ट मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था आरोपी ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी आरोपी की अर्जी पर सनी के दौरान पीड़ित बुजुर्ग महिला अपनी भतीजी के साथ कोर्ट में उपस्थित हुई और बुजुर्ग महिला ने न्यायाधीश से कहा कि उन्हें जबरन 10 लाख रुपए के समझौते के लिए दबाव डाला जा रहा है उन्हें इंसाफ नहीं मिल पा रहा पुलिस की ओर से उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा जानकारी के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी ने 10 लाख रुपए में पीड़ित बुजुर्ग महिला के साथ समझौता करने के लिए कहा था जिस पर बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसके साथ न्याय और इंसाफ नहीं किया जा रहा बुजुर्ग महिला कि इस पीड़ा पर न्यायाधीश समीर जैन ने पुलिस महानिदेशक और साइबर क्राइम एसपी को वर्चुअल उपस्थित होने को निर्देशित किया और सरकार को भी कहा कि महिला की देखभाल करने के लिए और कोई नहीं है महिला काफी दूर से अकेली आती है इसलिए पीड़ित महिला जयपुर में रहना चाहती है तो उसकी देखभाल और खाने-पीने की व्यवस्था की जाए जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला से सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी व्यक्ति ने करीब 80 लाख रुपए की डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी की थी इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया और जेल भेजा जेल जाने के बाद आरोपी ने हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई और महिला से समझौता करने की बात भी कही लेकिन 80 लाख की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में आरोपी सिर्फ 10 लाख रुपए के समझौते करने की बात कह रहा है इस अवस्था में पीड़ित बुजुर्ग महिला कैसे समझोता करें क्योंकि अगर वह समझौता करती है तो उसे सीधे 70 लाख रुपए का नुकसान होता है

## सम्पादकीय

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने खत्म की सबसे बड़ी 'आरक्षण दुविधा'



सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षित वर्ग और धर्मांतरण से जुड़े मसले पर मंगलवार को स्पष्ट एवं महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इसके मुताबिक, हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अपनाने वाला अनुसूचित जाति मूल का व्यक्ति या परिवार संरक्षण, आरक्षण या अन्य वैधानिक लाभ का पात्र होने का दावा नहीं कर सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन के साथ ही उसका अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। शीर्ष अदालत के इस फैसले को लंबे समय से चल रही उस बहस पर निर्णायक माना जा रहा है, जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि भले ही किसी व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कर लिया हो, लेकिन उसकी मूल सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर उसे आरक्षित श्रेणी का लाभ मिलना चाहिए। ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं कि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग खुद को आरक्षित श्रेणी का लाभ पाने का हकदार मानते हैं। मगर अदालत ने अपने निर्णय में साफ कर दिया है कि इस तरह का कोई भी दावा मान्य नहीं हो सकता है। दरअसल, यह मामला आंध्र प्रदेश से सर्वोच्च्च न्यायालय पहुंचा था। याचिकाकर्ता ने ईसाई धर्म अपना लिया था, इसके बावजूद वह खुद को अनुसूचित जाति का सदस्य बताते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत संरक्षण प्रावधानों के लाभ की मांग कर रहा था। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इससे संबंधित याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि धर्म परिवर्तन के बाद किसी व्यक्ति को अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं दिया जा सकता। इसे जागरूकता का अभाव कहा जाएगा या व्यवस्था में अस्पष्टता कि आरक्षित वर्ग से जुड़े लोगों में आज भी यह भ्रम है कि अगर वे हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अपना लेते हैं, तब भी उन्हें अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम का लाभ मिलता रहेगा। मगर अब शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे व्यक्ति को संविधान, संसद या राज्य विधानमंडल के किसी कानून के तहत कोई भी वैधानिक लाभ, संरक्षण या आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसमें कोई अपवाद नहीं है। गौरतलब है कि धर्म परिवर्तन करने वालों की जातिगत स्थिति से जुड़े सवाल केवल अदालतों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इस मसले को राजनीतिक नफा-नुकसान के चश्मे से भी देखा जाता है। कर्नाटक के राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से पिछले दिनों की गई जाति गणना में उस वक्त विवाद खड़ा हो गया था, जब ईसाई समुदाय के अंतर्गत तैंतीस जातियों को सूचीबद्ध किया गया। तब विपक्ष के विरोध और राज्यपाल के सुझाव के बाद इन समुदायों को सूची से हटा दिया गया, हालांकि चार श्रेणियों को बरकरार रखा गया। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि आरक्षित वर्ग और धर्मांतरण से जुड़े मसले पर शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में जिस तरह स्थिति स्पष्ट की है, क्या इस तरह की पहल सरकारी स्तर पर नहीं की जा सकती थी? जबकि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी धर्म को छोड़कर दूसरा धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम का सुरक्षात्मक ढांचा उन लोगों तक विस्तारित नहीं किया जा सकता, जिन्होंने धर्म परिवर्तन करके इस सामाजिक और कानूनी श्रेणी से बाहर निकलने का विकल्प चुना है।



## कहानी

### गुरुकृपा

गुरुकृपायोग के अनुसार साधना के मार्गपर अग्रसर होते समय साधक अष्टांग मार्ग से प्रयत्नरत रहता है । 'स्वभावदोष-निर्मूलन' अष्टांग साधना का महत्त्वपूर्ण अंग है । इन स्वभाव दोषों के त्याग के बिना साधक के लिए गुरुकृपा तक पहुंचना असंभव है । साधना में स्वभावदोष-निर्मूलन का महत्त्व निम्नलिखित कथा से ध्यान में आता है । एक शिष्य ने अपने महान गुरु से विनती की, "आचार्य, आप मुझे आत्मसाक्षात्कार का पथ दिखाएं !" उसपर गुरुने कहा, "वत्स, आत्मसाक्षात्कार का पथ बडा कठिन होता है । उस पथ से चलनेवाले साधक को अनेकविध समस्याओं से जूझना पडता है । यदि तुम्हारी उतनी पात्रता है, तो मुझे वह मार्ग बताने में कोई आपत्ति नहीं !" उसी क्षण उस जिज्ञासु शिष्य ने कहा, "गुरुदेव मार्ग में आई समस्याओं से लडकर मैं मेरे लक्ष्य की ओर अग्रसर होऊंगा ।" उसपर आचार्य बोले, "एकांतवास में जाकर निष्काम भाव से गायत्री मंत्र का उच्चारण करो । एक वर्ष किसी से भी बात न करना एवं किसी से संपर्क न रखना । एक वर्ष पूर्ण होनेपर मुझसे आकर मिलो ।" शिष्य ने अपने आचार्य की आज्ञा का पालन किया । एक वर्ष बीत गया । गुरु ने अपनी महरी से कहा, "आज हमारा शिष्य हम से मिलने आएगा । तुम अपने झाडू से उसपर भरपूर धूल छिडको ।" महरी ने गुरु की आज्ञा का पालन किया । धूल से उस शिष्य की संपूर्ण देह भर गई । शिष्य क्रोधाग्नि में उस महरी को मारने के लिए दौड पडा परंतु वह भाग गई । स्नान कर वह शिष्य अपने गुरु की सेवा करने के लिए खडा हो गया । गुरु ने कहा, "वत्स, तुम तो अभी भी सांपोंसमान काट रहे हो । इसलिए वही साधना एक वर्ष और करो ।" इस बातपर साधक मन ही मन कुपित हुआ; परंतु आत्मतत्त्व जानने की तीव्र जिज्ञासा से वह पुनः साधना करने लगा । (देखते-देखते ही) उसकी साधना का दूसरा वर्ष भी पूर्ण हो गया । एक वर्ष पूर्ण होनेपर गुरु ने अपनी महरी से कहा, "आज हमारा शिष्य इस मार्ग से आएगा । तुम उसकी देह को झाडू से स्पर्श करो । महरी ने गुरु की आज्ञा से शिष्य की देह को झाडू लगाया । इसलिए शिष्य क्रोधित हो गया । उसने महरी के ऊपर अपशब्दों का उच्चारण किया एवं वह स्नान के लिए निकल पडा । स्नान कर वह गुरु के सामने खडा हो गया तथा कह पडा, "गुरुदेव, अब आत्मसाक्षात्कार का मार्ग बताएं ।" गुरुदेव ने कहा, "वत्स, अब तुम सांपसमान काटते नहीं हो, परंतु सांपसमान फुफकार अवश्य फुफकार रहे हो ! इसलिए और एक वर्ष साधना करो ।" शिष्य तीसरे वर्ष की साधना करने के लिए निकल पडा । तीसरा वर्ष भी पूर्ण हो गया । गुरु ने महरी से (सेविका से) कहा, "आज हमारा शिष्य आएगा । तुम उसपर गंदगी से भरी टोकरी पलट दो । उसने गुरु की आज्ञा का पालन किया । परंतु इस बार शिष्य क्रोधित नहीं हुआ । वह महरी को (सेविका को) नमस्कार करते हुए बोला, "माता, आप महान हो । आप विगत तीन वर्षों से मेरे दुर्गुण नष्ट करने के लिए प्रयत्न कर रही हैं । मैं आपके इन उपकारों को कदापि नहीं भूल सकूंगा । आप सदैव मेरे उद्धार के लिए प्रयत्नरत रहें ।

## अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध

उसके परमाणु ठिकानों से लेकर संवेदनशील एवं रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्रों को भी निशाना बनाया गया। उसके शीर्ष नेतृत्व का करीब-करीब सफाया हो गया है, जिसमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई से लेकर बेहद प्रभावशाली अली लारीजानी जैसे दिग्गज भी शामिल हैं। ऐसी परिस्थितियों में संभवतः कोई अन्य देश घुटने टेक चुका होता, पर ईरान ने जबरदस्त पलटवार किया। उसने इजरायल के उन ठिकानों पर भी हमले किए, जिनके बारे में ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता था। ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं ने बड़े-बड़े रणनीतिकारों को भी हैरान करने का काम किया। उसने होर्मुज जलमार्ग पर अपना नियंत्रण मजबूत कर आवाजाही को प्रभावित किया। साथ ही साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों और उनकी परिसंपत्तियों को निशाना बनाकर अपने हौसले के साथ ही मारक क्षमता का प्रदर्शन कर एक तरह से हमलावरों को ही कुछ हद तक रक्षात्मक रुख अपनाने पर विवश कर दिया। चूंकि अब यह युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है, इसलिए यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि यह किस दिशा में जा रहा है। यह सही है कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान के शीर्ष नेतृत्व को मार गिराया, लेकिन सत्ता के ढांचे में अपेक्षित परिवर्तन की उनकी मंशा न तो पूरी हो पाई है और न पूरी होती दिख रही है। उलटे जो नए नेता कमान संभाल रहे हैं, वे पुराने नेताओं से भी ज्यादा कट्टरता दिखा रहे हैं। ऐसे में







ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद इतिहास ने भले ही एक नई करवट ली हो, लेकिन वहां कुछ परंपराएं जस की तस बनी रहीं। ऐसी ही एक परंपरा ईरानी नववर्ष नौरोज के आयोजन से जुड़ी हुई है, जिसे पलटने के लिए दबाव तो जरूर पड़ा, लेकिन वह कारगर नहीं रहा। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही 21 मार्च को आरंभ होने वाला यह आयोजन 13 दिनों तक चलता है। इसी दौरान भारत में पारंपरिक नववर्ष, उगादी, गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्र का उत्सव भी मनाया जाता है।

यह ईरानी और भारतीय संस्कृति के बीच कुछ समानताओं को भी दर्शाता है। देखा जाए तो इस साल नौरोज ईरान के लिए बहुत सुखद नहीं रहा, क्योंकि अमेरिका और इजरायल ने उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा हुआ है। निरंतर हमलों और शीर्ष नेताओं की मौत के बावजूद ईरानियों का हौसला डिगा नहीं है। संभव है कि इसके पीछे कर्बला की शहादत उनकी प्रेरणा बनी है। इस्लामिक क्रांति के दौरान अयातुल्ला खुमैनी यह नारा भी दिया करते थे कि 'हर दिन आशुरा है और हर जगह कर्बला है।' इसका सीधा अर्थ है कि हर दिन संघर्ष है और हर संघर्ष कर्बला की रणभूमि। अमेरिका इजरायल के विरुद्ध जारी इस लड़ाई में ईरानी इसी संकल्प के साथ प्रतिरोध का प्रतीक बनकर उभरे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया की सबसे शक्तिशाली अमेरिकी सेना और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान को बहुत नुकसान पहुंचा है। पहले से ही तमाम प्रतिबंध झेल रहे ईरान के लिए इस युद्ध ने मुश्किलें और बढ़ाने का काम किया है। उसके परमाणु ठिकानों से लेकर संवेदनशील एवं रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्रों को भी निशाना बनाया गया। उसके शीर्ष नेतृत्व का करीब-करीब सफाया हो गया है, जिसमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई से लेकर बेहद प्रभावशाली अली लारीजानी जैसे दिग्गज भी शामिल हैं। ऐसी परिस्थितियों में संभवतः कोई अन्य देश घुटने टेक चुका होता, पर ईरान ने जबरदस्त पलटवार किया। उसने इजरायल के उन ठिकानों पर भी हमले किए, जिनके बारे में ऐसा सोचा भी नहीं जा सकता था। ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं ने बड़े-बड़े रणनीतिकारों को भी हैरान करने का काम किया। उसने होर्मुज जलमार्ग पर अपना नियंत्रण मजबूत कर आवाजाही को प्रभावित किया। साथ ही साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों और उनकी परिसंपत्तियों को निशाना बनाकर अपने हौसले के साथ ही मारक क्षमता का प्रदर्शन कर एक तरह से हमलावरों को ही कुछ हद तक रक्षात्मक रुख अपनाने पर विवश कर दिया।

चूंकि अब यह युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है, इसलिए यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि यह किस दिशा में जा रहा है। यह सही है कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान के शीर्ष नेतृत्व को मार गिराया, लेकिन सत्ता के ढांचे में अपेक्षित परिवर्तन की उनकी मंशा न तो पूरी हो पाई है और न पूरी होती दिख रही है। उलटे जो नए नेता कमान संभाल रहे हैं, वे पुराने नेताओं से भी ज्यादा कट्टरता दिखा रहे हैं। ऐसे में यही देखना होगा कि हमलों में ईरानी नेताओं को जिस तरह चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, उससे नेतृत्व के स्तर पर कोई संकट पैदा होता है या यह सिलसिला कट्टरपंथी आवाजों को ही मजबूत करने का काम करेगा। जो भी हो, युद्ध रुकने के बाद भी बातचीत की डगर आसान नहीं दिखती। अमेरिका द्वारा वार्ता का दांव चलने की बात पर ईरानी खेमे की प्रतिक्रियाएं भी यही संकेत करती हैं।एक हद तक यह संभव है कि अमेरिकी-इजरायली हमलों में ईरानी परमाणु कार्यक्रम की कमर टूट जाए और नौसेना निस्तेज पड़ जाए, लेकिन ईरान की ड्रोन एवं मिसाइल क्षमता ने खाड़ी देशों की सांसें अटका रखी हैं। इतना ही नहीं, हिंद महासागर स्थित अमेरिका-ब्रिटेन के संयुक्त सैन्य अड्डे डिएगो गार्सिया पर ईरानी मिसाइलों के वार ने भी दिखाया कि तेहरान कहां तक मार करने में सक्षम है। भले ही यह लड़ाई अमेरिका और इजरायल मिलकर लड़ रहे हों, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कई बिंदुओं पर असहमति भी उभरी है। ईरान के साउथ पार्स तेल एवं गैस क्षेत्र पर इजरायली हमले पर अमेरिका ने स्पष्ट रूप से कहा कि इसे लेकर उसे विश्वास में नहीं लिया गया। बाद में भले ही नेतन्याहू ने ईरानी ऊर्जा परिसंपत्तियों को निशाना न बनाए जाने के संकेत दिए, लेकिन यह तो सामने आया ही कि इजरायल ने अपनी योजनाएं पूरी तरह साझा नहीं कीं। इस हमले से तिलमिलाए ईरान ने खाड़ी देशों के कई प्रमुख तेल एवं गैस क्षेत्रों पर हमले किए, जिसके बाद ऊर्जा संसाधनों की कीमतें आसमान चढ़ने लगीं। इस युद्ध में अमेरिका और नाटो सहयोगियों के बीच असहयोग भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है। होर्मुज जलमार्ग में आवाजाही को सुचारु बनाए रखने की ट्रंप की अपील को नाटो देशों ने कोई तवज्जो नहीं दी। केवल ब्रिटेन ही कुछ सीमित सहयोग के लिए आगे आया। वहीं, ईरान ने चतुराई भरा दांव चलते हुए कहा कि होर्मुज जलमार्ग केवल हमलावर देशों एवं उनके सहयोगियों को छोड़कर बाकी सबके लिए तो खुला है। ईरान ने अपने हमलों से उस अमेरिकी रक्षा कवच की सीमाएं भी उजागर कर दीं, जिसके भरोसे खाड़ी देश बैठे रहे। ईरान ने जता दिया कि उनके लिए अमेरिकी रक्षा कवच अभेद्य नहीं है। इस युद्ध से शिया और सुन्नी के बीच वैचारिक टकराव की खाई भी चौड़ी होती जा रही है। इस पूरे संकट में संयुक्त राष्ट्र का मूकदर्शक बने रहना भी बड़े सवाल खड़े करता है। खाड़ी देशों और जार्डन पर ईरानी हमलों की निंदा के अलावा संयुक्त राष्ट्र सिर्फ खानापूर्ति ही करता दिखा है। ओमान सहित कुछ अन्य देश बीच-बचाव के लिए सक्रिय हैं

## धुरंधर पर फालतू का रोना-धोना

ताकि मोर्चे पर डटे भारतीय सैनिक विश्वकप फाइनल मैच की कमेंट्री चैन से सुन सकें। यह नितांत काल्पनिक और सच से कोसों दूर सीन था। इसका मकसद केवल पाकिस्तानी सैनिकों को भला आदमी दिखाना था, लेकिन आखिर इसकी जरूरत क्या थी? यह सही है कि फिल्मकार किसी सच्ची घटना पर आधारित या उससे प्रेरित फिल्म में रचनात्मक स्वतंत्रता लेते ही हैं, पर इस बहाने कुछ फिल्मकार बेवकूफी की हद भी पार कर जाते हैं। कई बार ऐसी बेवकूफियां दर्शकों को पसंद भी आ जाती हैं, जैसे फिल्म पठान में यह दिखाया गया कि निर्वासित रा एजेंट शाहरुख खान एक पूर्व रा एजेंट जान अब्राहम के शैतानी इरादों पर आइएसआइ एजेंट दीपिका पादुकोण के सहयोग से पानी फेर देता है। दर्शक इस अजीब कथानक को पचा गए और फिल्म हिट हो गई। रचनात्मक स्वतंत्रता के बहाने फिल्मकार

ऐसी फिल्मों की गिनती करना कठिन है, जिन पर किसी को आपत्ति न हुई हो। हाल में ऐसी कई फिल्में आ चुकी हैं, जिनका विरोध हुआ अथवा जिन्हें प्रतिबंधित करने की मांग की गई, जैसे द कश्मीर फाइल्स और केरला स्टोरी। कुछ ऐसी फिल्में भी रहीं, जिनका विरोध करने के लिए लोगों ने सड़कों पर उतरकर उत्पात मचाया या फिर निर्माता-निर्देशकों को धमकाया। याद करें कि संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत का कुछ समूहों ने कैसा हिंसक विरोध किया था? इस विरोध का आधार यह था कि फिल्म में रानी पद्मिनी और आक्रांता अलाउद्दीन खिलजी के बीच प्रेम प्रसंग दिखाया गया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से फिल्म प्रतिबंधित करने की याचिकाएं खारिज किए जाने के बाद वह रिलीज तो हुई, पर कई लोगों का गुस्सा तब तक शांत नहीं हुआ, जब तक यह सामने नहीं आया कि वे फिल्म में जिस कथित विकृत चित्रण की आशंका से दुबले हुए जा रहे थे, वह निर्मूल थी।

कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें इसलिए विरोध का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनमें सच दिखाया गया था। द कश्मीर फाइल्स के अलावा मणिरत्नम की रोजा ऐसी ही फिल्म थी। रोजा का विरोध इस बेवकूफी भरे कुतर्क के सहारे हुआ कि फिल्म में कश्मीरी आतंकियों का पक्ष नहीं दिखाया गया और उनका नकारात्मक चित्रण किया गया है। जाहिर है कुछ लोग यह चाह रहे थे कि आतंकियों को भले मानुष की तरह पेश किया जाता। इसे बेवकूफी के अलावा और क्या कहा जा सकता है, लेकिन ऐसी बेवकूफियों का सामना कई फिल्मकारों को करना पड़ा। कुछ ऐसी फिल्में भी रहीं, जो सचमुच बेवकूफी भरी थीं या उनमें कुछ ऐसे सीन थे, जिन्हें कोई बेवकूफ ही पचा सकता था, जैसे कबीर खान की फिल्म 83 में एक विचित्र सीन यह था कि पाकिस्तानी सैनिक इस कारण गोलीबारी रोक देते हैं, ताकि मोर्चे पर डटे भारतीय सैनिक विश्वकप फाइनल मैच की कमेंट्री चैन से सुन सकें।





यह नितांत काल्पनिक और सच से कोसों दूर सीन था। इसका मकसद केवल पाकिस्तानी सैनिकों को भला आदमी दिखाना था, लेकिन आखिर इसकी जरूरत क्या थी? यह सही है कि फिल्मकार किसी सच्ची घटना पर आधारित या उससे प्रेरित फिल्म में रचनात्मक स्वतंत्रता लेते ही हैं, पर इस बहाने कुछ फिल्मकार बेवकूफी की हद भी पार कर जाते हैं।

कई बार ऐसी बेवकूफियां दर्शकों को पसंद भी आ जाती हैं, जैसे फिल्म पठान में यह दिखाया गया कि निर्वासित रा एजेंट शाहरुख खान एक पूर्व रा एजेंट जान अब्राहम के शैतानी इरादों पर आइएसआइ एजेंट दीपिका पादुकोण के सहयोग से पानी फेर देता है। दर्शक इस अजीब कथानक को पचा गए और फिल्म हिट हो गई। रचनात्मक स्वतंत्रता के बहाने फिल्मकार तथ्यों में फेरबदल तो करते ही हैं, कई बार शरारत भी कर देते हैं, जैसे इस्मत चुगताई की कहानी लिहाफ पर बनी फिल्म फायर के महिला पात्रों के नाम राधा और सीता रखना, जबकि मूल कहानी में वे बेगम जान और रब्बो थीं। कृपया नोट करें यह फिल्म महिलाओं के समलैंगिक संबंधों पर थी। यदि निर्देशक दीपा मेहता महिला पात्रों के नाम मूल कहानी के हिसाब से नहीं रख सकती थीं तो फिर उन्हें सीता और राधा नाम ही क्यों सूझे? इस वर्ष की सबसे कामयाब फिल्म धुरंधर तबसे चर्चा में है, जबसे उसका पहला हिस्सा आया। उसे लेकर यह अफवाह फैलाई गई कि यह एंटी मुस्लिम और एंटी पाकिस्तानी फिल्म है, पर इस फिल्म को तमाम पाकिस्तानियों ने भी पसंद कर इस दुष्प्रचार की पोल खोल दी। इस फिल्म के विरोध का मूल कारण यह है कि आदित्य धर ने आतंकी घटनाओं के सहारे पाकिस्तान के उस आतंकी तंत्र की पोल खोल दी, जो भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ है। यदि एक क्षण के लिए इस फिल्म को एंटी पाकिस्तान मान लें तो भी आखिर भारतीयों को इससे क्यों कष्ट होने लगा?

## नाकाम प्रस्ताव

अमेरिका की ओर से आगे बढ़ाए गए युद्धविराम के प्रस्ताव का ईरान ने जिस तरह उपहास उड़ाया, उससे लगता नहीं कि दोनों देशों के बीच कोई सार्थक बातचीत होने वाली है। अमेरिका ने जिस तरह 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव रखा, उससे उसका गैर कूटनीतिक रवैया ही प्रकट होता है। ऐसा लगता है कि यह पेशकश बिना किसी विश्वसनीय एवं जिम्मेदार मध्यस्थ के ही कर दी गई और ऐसा करने के पहले ईरान के इरादों को टटोलने की भी जरूरत नहीं समझी गई। इसका प्रमाण यह भी है कि ईरान ने भी अपनी ओर से पांच शर्तें रख दीं। इसका मतलब है कि दोनों पक्षों में कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष बात नहीं हो रही है। क्या यह विचित्र नहीं कि अमेरिकी प्रस्ताव पर एक नहीं, तीन-तीन देश मध्यस्थ की भूमिका निभाने का दावा कर रहे हैं? यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने पश्चिम एशिया संकट के समाधान के मामले में अगंभीर रवैये का परिचय दिया हो। इसके पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से सार्थक बातचीत का हवाला देते हुए पांच दिनों तक उसके बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ठिकानों पर हमले टालने की घोषणा की थी। अमेरिका की ओर से इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोलने के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से किए गए विरोधीभासी दावे उनके स्वभाव के अनुरूप अवश्य रहे, लेकिन उनसे वे एक किंकर्तव्यविमूढ़ राष्ट्रपति ही अधिक दिखे। कभी-कभी तो यह भी लगा कि ट्रंप इस ताक में हैं कि किसी तरह अपनी जीत की घोषणा करके युद्ध से बाहर निकल आएं। सच जो भी हो, वे अपनी विश्वसनीयता खोते जा रहे हैं। आखिर ऐसे राष्ट्रपति पर कौन भरोसा करेगा, जो एक ओर शांति प्रस्ताव रख रहा हो और दूसरी ओर पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ाने की घोषणा कर रहा हो? बहुत दिन नहीं हुए जब वे ईरान के हार मान लेने के दावे कर रहे थे। उनकी ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग को सुरक्षित बनाने के दावे भी खोखले निकले। तमाम जतन के बाद भी वे इस मार्ग को खुलवा नहीं पाए। इस मार्ग के बाधित होने से ऊर्जा संकट बढ़ने पर उन्होंने जिस तरह पहले रूस और फिर ईरान को तेल बेचने की छूट दी, उससे उनकी विवशता ही झलकी। हैरानी केवल इस पर नहीं कि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के मामले में कथित सर्वशक्तिमान शासनाध्यक्ष ट्रंप कहीं पर भी पहुंचते नहीं दिख रहे हैं। हैरानी इस पर भी है कि इस संकट को हल करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद निष्क्रिय और नाकाम दिख रही है।



# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, मंडावा में आज मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा 10, कक्षा 8 एवं कक्षा 5 के उन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 97.17' लक्ष्य कुमार - 96.17' लिलम वर्मा - 95.00' भावना वर्मा - 94.67' रीतिका कुमारी - 93.33' खुशी - 91.33' रक्षिता - 90.67' वहीं कक्षा 8 व कक्षा 5 में, ग्रेड वाले विद्यार्थियों में लक्ष्या बाबल, मो. शाहिद, मोहित सिंह, नव्या अंजली कुमारी सैनी, अरीका, तरुणा, अंजुका, हेमन्त, हर्ष सैनी, ज्योति, मनन सारण, ममता, पवन, प्रियांश, प्रीति, अंशु, वंशिका, योगेश कुमार। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना व अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों व अभिभावकों को मंच पर आमंत्रित कर व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार व अभिभावक उपस्थित रहे। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने कहा 'विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। ये विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। विद्यालय सदैव उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता गोविन्द सोनी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।



## सेठ शिवदत्त राय स्कूल बड़ागांव मे टॉपर्स का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू /बड़ागांव(निस)।** सेठ शिवदत्त राय स्कूल बड़ागांव में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की ओर घोषित कक्षा 10 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। निदेशक महीपाल सिंह महला ने बताया कि छात्रा अनन्या सिंह 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर रही। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यर्थियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ अंशु सिंह व विद्यालय स्टाफ ने टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान किया। चैयरमेन इन्द्रकरण अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफ को बधाई प्रेषित की।

## राजस्थान में तृतीय व जिले में प्रथम स्थान किया हासिल

99' से अधिक अंक हासिल करने पर किया सम्मान



**तारानगर(निस)।** तारानगर के नमन पुत्र जगदीश मेहरा का राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे राजस्थान में तृतीय व जिले में प्रथम स्थान आने पर तारानगर के सरदारशहर सड़क पर स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में अम्बेडकर समाज सेवा समिति की ओर से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नमन मेहरा का साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नमन को बधाई दी व नमन के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रत्याशी राकेश जांगिड़, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, झींडूराम दायमा, पालाराम जिंदल, मास्टर प्रताप मेघवाल, जुगलाल बरोड़, जेठाराम पटीर, जसवंत दहिया, हेमराज कालवा, हरपाल, ज्ञारसी लाल, भानीराम, चंदन घोटड़, विनोद मेहरा, बाबूलाल पटीर, इंद्राज दायमा सहित अम्बेडकर समाज सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक महर्षि ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महर्षि ने कहा कि जनसेवा करना ही मेरा परम धैय है और रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता है। जनसुनवाई में महर्षि ने बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा जैसे विभिन्न विभागों की समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए7 इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में भाजपा नेता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## खेत के विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सदर पुलिस को मलसीसर गांव की निवासी पुष्पा पत्नी ताराचंद ने मुकदमा दर्ज करवाकर बताया है कि मैं मेरे नाबालिक पुत्र अमित के साथ खेत जा रही थी। तभी मेरे खेत के बाहर सड़क की तरफ मनीषा, पूजा, मंजू, प्रतापसिंह, भवानीसिंह मुझे जान से मारने के ईरादे से खड़े थे। पहुंचते ही मेरे साथ आरोपियों ने गाली गलोच किया। समझाने पर उन्होंने कहा कि तेरे पति ने कोर्ट मुकदमा कर रखा है, वो उठा लो और खेत हमें दे दो, वरना जान से मार देंगे। फिर मनीषा व अन्य लोगों ने मुझे नीचे गिरा दिया और थाप, मुक्कों व लाठियों से मारपीट करने लगे। इस घटना का मेरे नाबालिक पुत्र ने विडियो बनाया तो मंजू ने मेरे पुत्र को भी लाठी से मारा। जब मैं चिल्लाई, तो राहगीरों के दकालने पर आरोपियों ने मुझे छोड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तोड़ी गई सड़कों को दुरूस्त करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन कॉमरेड जगदीश नाथ ने भेजकर आपणी योजना के तहत तोड़ी गई सड़कों को वापस दुरूस्त करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपरिषद के अधीन सड़कों को आपणी याजना के कार्य में तोड़ा गया। जिसकी मौखिक व लिखित शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद भी जलदाय विभाग समस्या का समाधान नहीं करवा रहा है। जबकि तोड़ी गई सड़को के पेचवर्क के नाम पर बिल बनाकर भुगतान उठाने का काम किया जा रहा है। अतः मामले की जांच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही की जाए और तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत की जाए।

## त्रिशला पब्लिक स्कूल ने किया होनहारों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में त्रिशला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 10 के छात्र मलय सोमानी ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सचिन सिंह ने 89.00 प्रतिशत, वेदिका शर्मा ने 75.33 प्रतिशत, चार्वी कुमारी ने 67.17 प्रतिशत तथा सक्षम शेखावत ने 66.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। परिणाम घोषित होने के पश्चात विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। निदेशक आनन्द सिंह शेखावत, प्रधानाचार्या जुगल कँवर, प्रशासक निधि शर्मा तथा शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर शिक्षक शीतल ओझा एवं कंचन वर्मा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कक्षा पांच व आठ में उत्कृष्ट अंक लाने वाले होनहार विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। निदेशक आनन्द सिंह शेखावत ने कहा कि 'सफलता का यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि ये बच्चे भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ छुएँगे।' प्रधानाचार्या जुगल कँवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल शुरुआत है, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास ही आपको लक्ष्य तक पहुँचाएगा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दीपक शर्मा, जयश्री जांगिड़, कुसुम टेलर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## गंदा काला कीचड़ पसरा सड़कों पर, जनता परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर की सफाई व्यवस्था व गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था को देखते हुए लगता है जैसे जनता लावारिस हो गई है और सुनवाई करने के लिए किसी के पास वक्त नहीं है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी जन समस्याओं का समय पर समाधान कर जनता को राहत प्रदान करना तो जैसे भूल ही गए हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला संयुक्त सचिव कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि 3 फरवरी 2026 को अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष कुमार मीणा को ज्ञापन सौंप कर समस्या का समाधान करवाने के लिए अवगत करवाया था कि बाई पास रोड़ पर स्थित तीन नंबर रेल फाटक के सामने कीचड़ भरने की समस्या विद्यमान है। फिर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में 27 फरवरी को उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया था, जिसमें नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ वार्ता भी हुई। लेकिन आज भी समस्या जस की तस पड़ी है और प्रशासन की अनदेखी के कारण पैदल राहगीर, बच्चे और वाहन चालक दिनभर इस गंदे पानी से निकलते हैं। रामनवमी के दिन कई विवाह शादी समारोह होने के कारण सुजानगढ़ शहर से गुजरने वाले लोगों को कहीं ना कहीं इस गंदे पानी से सामना करना पड़ा। सरकारी कार्यों में छुट्टी होने के कारण समस्या का समाधान भी नहीं हो पाया। दूसरी ओर रामनारायण रूलाणिया ने कहा है कि प्रशासन जल्द से जल्द इसका समाधान करे, वरना जनता के साथ मिलकर आन्दोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।



## उदयपुरा में राजकीय विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**जाजोद(निस)।** खंडेला विधानसभा क्षेत्र के उदयपुरा गांव में गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। यहां करीब 1 करोड़ 1 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नवीन विद्यालय भवन का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुभाष मील ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने डीजे के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, विद्यार्थी और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे। विधायक सुभाष मील ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है और केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नए विद्यालय भवन से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षा का स्तर मजबूत होगा। उन्होंने अपने पूर्व वादों का जिक्र करते हुए कहा कि सभी वादे पूरे किए जाएंगे और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही किसानों, युवाओं और आमजन के मुद्दों को विधानसभा में मजबूती से उठाने की बात कही। विधायक ने पूर्व सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं और किसानों के साथ अन्याय हुआ था, जबकि वर्तमान भजनलाल सरकार ने एसआईटी गठन कर गलत तरीके से नौकरी पाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है और युवाओं को न्याय दिलाने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार में पेपर लीक की घटनाएं नहीं हुई हैं और बड़ी संख्या में सरकारी भर्तियों के कैलेंडर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कुल 7 नए विद्यालय भवनों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही आगामी पंचायतराज और नगरपालिका चुनावों में एकजुट होकर मजबूती से भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम में बद्री यादव, सागर बोहरा, सीबीईओ कमलेश सैनी, सुल्तान फडोलिया, किशन सिंह, बाबूलाल, रामवतार बधाला, गंगासहाय यादव, पूर्व सरपंच जगदीश शर्मा, प्रकाश यादव, सुंदर, मुकेश सामोता, विकाश, मुकेश सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रतनगढ़ में आज निकाली जाएगी रामनवमी शोभा यात्रा



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में सर्व सनातन समाज की ओर से आयोजित कथा के अष्टम दिवस संत सीताराम महाराज ने 27 मार्च रामनवमी को कथा स्थल ताल वाले बालाजी मंदिर से सायं 4 बजे निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल होने हेतु आह्वान किया। व्यास पीठ से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि -सर्व समाज के स्नेह और एकता के प्रतीक इस आयोजन के लिए शोभा यात्रा में 'राम सजाओ प्रतियोगिता' आयोजित की जाएगी। जिसमें भाग लेने वाले बालक-बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर 1000 ध्वजों की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पुजारी परिवार के राकेश इंदौरिया, धनराज इंदौरिया व गोपीकृष्ण इंदौरिया ने सभी सनातन प्रेमियों से इस शोभा यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया। अष्टम दिवस की कथा में यजमान के रूप में गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति, नामदेव सेवा समिति, सिंधी समाज, गुर्जर समाज, मेघवाल समाज के प्रतिनिधियों ने व्यास पीठ की पूजा की। इस अवसर पर जयप्रकाश ताम्रायत, हेमंत ताम्रायत, डॉक्टर जिज्ञासा ताम्रायत, नंदकिशोर ताम्रायत, सुरेन्द्र हरित, मनोहर चौमाल, पवन पचलंगिया, धीरेन्द्र शर्मा, विशेष मिश्रा, प्रांजल मिश्रा, गंगाराम गजरा, दिलीप सिंधी, रमेश सिंधी, राजेश भावनानी, सुरेश सिंधी, सुदामा सिंधी, मनीष चीनियां, दिलीप टोलांबिया, गायत्री तोलंबिया, कलावती देवी आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गंगा माता मंदिर के 46 वें स्थापना दिवस पर सुंदरकांड पाठ आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय रैगर बस्ती स्थित श्री गंगा माता मंदिर का 46वां स्थापना दिवस समारोह गुरूवार को रामनवमी के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रातः 9 से 12 बजे तक भव्य संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर भगवान श्रीराम को रिझाया। इस अवसर पर रैगर समाज के गणमान्य जनों ने उत्साह पूर्वक सुंदरकाण्ड पाठ का आनंद उठाया। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंदिर को भूमि प्रदान करने वाली भामाशाह रामादेवी पत्नी भूराराम फुलवाड़िया का शॉल उड़ाकर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रामगोपाल, नारायण प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार बाकोलिया, हंसराज, नरसाराम, हजारीमल बाकोलिया, गजानंद कानखेड़िया आनंदकुमार पार्षद, महावीर प्रसाद, पवन कुमार, चुन्नीलाल, केशरदेव, राजेश, आत्माराम, जगन लाल, हनुमान प्रसाद, रामचन्द्र, रमेश कानखेड़िया, ओम प्रकाश, नंदलाल, बजरंग लाल, सत्यप्रकाश, विशाल, ताराचंद, विजेन्द्र कानखेड़िया, परमानंद, मनोज कुमार कानखेड़िया सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

**कार्यालयः- सुरेन्द्र सिंह शेखावत एडवोकेट, (गोरधनपुरा)**

न्यायालय परिसर सीकर जिला सीकर (राज0) मो0नं0 9610679972

**आम सूचना**

ग्राम खाटू पटवार हल्का खाटू श्यामजी तह. दाँतारामगढ़ जिला सीकर में भूमि ख. नं. 161,162,163 व 164 कुल किता 4कुल रकबा 2*1300 है0 तथा एक अन्य कृषि सम्पदा पुराने ख.नं. 800.814 जिसके नये ख.नं. 149, 150 151, 153, 154, 154/3487, 155, 153 किता 5 कुल रकबा 5.8000 है, जिसमें 2/5 हिस्सा, ख.नं. 144 रकबा 9.57 है.. में 2/5 हिस्सा, ख.नं. 152, 157 कुल किता 2कुल रकबा 8.48 है. में 2/5 हिस्सा मेरे अभिभाष्य श्रीमती सुप्यार देवी पत्नी स्व. कानाराम उर्फ कन्हैयालाल, संतोष, राधा, मीना, हेमलता पुत्रियां कानाराम उर्फ कन्हैयालाल, चौथमल पुत्र स्व. श्री कानाराम उर्फ कन्हैयालाल, श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नि स्व. प्रकाशचंद, आशीष, मूलचन्द पुत्रगण स्व. प्रकाशचंद, मानसी नायक, नेहा पुत्रियां स्व. प्रकाशचन्द समस्त जातिगण नायक निवासीगण खाटू जिला सीकर को भ्रम में डालकर आप 1. जयरामदास शिवपुरी निवासी पांचवा तह व जिला कुचामन सिटी (राज.) 2. श्यामसुन्दर पुनिया पुत्र श्योजी पुनिया जाति जाट निवासी खाटूश्यामजी जिला सीकर 3. अमित कुमार नीणा पुत्र बीरबल राम मीणा निवासी बागावास तह. विराट नगर जिला कोटपुतली 4. श्रीराम पुत्र गोरूराम जाति मीणा नि. गुढा तहसील उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनू 5. राजेश खटाणा पुत्र हनुमान प्रसाद खटाणा जाति गुर्जर निवासी ग्राम किशोरपुरा तह. उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनु 6. कैलाश पुत्र बाबूलाल जाति नीणा निवासी गुढा तह. उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनू 7. सुरेश कुमार पुत्र महावीर प्रसाद जाति मीणा निवासी ग्राम किशोरपुरा तह. उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनू द्वारा अनुबंध पत्र दिनांक 24-12-2023 स्टाम्प कीमती 500 रूपये नम्बरी' 267355 जो कि नोटरी पब्लिक मुरलीधर सैनी एडवोकेटस के कार्यालय में सिरियल नं0 80 दि. 24.12.2023 पर चस्पा किया गया है। वर्णित कृषि भूमियों के नामांतरकरण को लेकर दीगर व्यक्तियों से विवाद चल रहा है। अनुबंध पत्र दि. 24-12-2023 में इबारत दर्ज है जिसके निपटारी हेतु अनुबंध में वर्णित किया गया था किन्तु इसके बदले भूमि देने का कोई अनुबंध नहीं किया गया था। राज0का0अ0 1955 में विहिप प्रावधानों के अनुसार मेरे अभिभाष्य जो अनुसूचित जाति के सदस्य है तथा आप लोग अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं है। इस कारण अनुबंध पत्र दि. 24-12-2023 स्वतः ही निष्प्रभावी, शून्य विधि के विपरीत तहरीर दस्तावेज है। मेरे अभिभाष्य से कराया गया अनुबंध पत्र 24-12-2023 निरस्त करार दिया जाता है। उक्त असल अनुबंध दि.24-12-2023 मुझे या मेरे अभिभाष्यगणों को लौटती डाक से प्रेषित करें तथा संविदा विखण्डन की स्वीकारोक्ति प्रेषित करें। इस सम्बन्ध में आप सभी को जरिये अधिवक्ता दि0 23-3-2026 नोटिस जरिये डाक प्रेषित किया जा चुका है।

(सुरेन्द्र शेखावत एडवोकेट)

# रामनवमी पर आस्था का सैलाब: जगह-जगह शोभायात्राएं, जयघोष से गूंजे शहर


बिजौलियां।


लक्ष्मणगढ़।


सुमेरपुर।


नरैना।


रतनगढ।


जाजोद।


मण्डावा।


जालोर।


मण्डावा।


मकराना।


सुजानगढ़


जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां।** दुर्गाष्टमी पर गायत्री शक्तिपीठ, विंध्यवासिनी शक्तिपीठ, दक्षिण कालिका मन्दिर, चारणमाता मन्दिर, नारसिंही माताजी मन्दिर बड़ा दरवाजा पर सजावट कर माताजी की प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया।विंध्यवासिनी शक्तिपीठ समेत सभी मंदिरों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही।वहीं सभी घरों में कुलदेवी (दियाड़ी माता) का पूजन कर कुल परंपरा अनुसार भोग लगाया गया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई।साथ ही लोगों की ओर से कन्याओं का पूजन कर भोजन करवाया और उपहार दिए गए गए।

**लक्ष्मणगढ़।** शहर के कबूतरिया कुआं के पास स्थित प्राचीन दानव दलन वीर हनुमान मंदिर में मंदिर के 484वें स्थापना वर्ष के मौके पर हनुमत जयंती व स्थापना महोत्सव के तहत 15 दिवसीय धार्मिक आयोजन 19 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। मंदिर महंत महावीरदास महाराज ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन श्रीहनुमत सहस्त्रनाम स्तोत्र, पंचमुख, एकादश व सप्तमुख हनुमत कवच सहित विभिन्न स्तोत्रों का पाठ तथा हनुमत द्वादशाक्षर मंत्र का जाप किया जा रहा है।आयोजन की कड़ी में गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में सामूहिक महाआरती और प्रसाद वितरित किया गया। महा आरती के दौरान मातृ शक्ति सहित सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे और भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।मंदिर महंत महावीर दास ने बताया कि 27 से 30 मार्च तक 72 घंटे का अखंड श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण पाठ तथा 30 से 31 मार्च तक 24 घंटे का अखंड सुंदरकांड पाठ होगा। 1 अप्रैल को विशेष महाभिषेक, षोडषोपचार पूजन व विविध द्रव्यों से अभिषेक किया जाएगा, जिसमें महामस्तकाभिषेक व चमेली तेलाभिषेक शामिल रहेंगे।महोत्सव का समापन 2 अप्रैल को सहस्त्रार्चन के साथ होगा, जिसमें हनुमानजी को एक हजार नामों से तीन हजार मोदक अर्पित किए जाएंगे।

**सुमेरपुर।** श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर स्थानीय श्रीराम गौशाला में गुरुवार को अखंड रामायण पाठ, गौ सेवा व स्नेह प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गौशाला परिवार व क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पिंकी बहन, धीरज सांखला व पुत्र देवेंद्र सांखला और पुत्रवधू सहित पोता पोती के साथ परिवार की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने बताया कि प्रातः 9 बजे अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ, जो श्रद्धापूर्वक निरंतर जारी रहा। प्रातः 11 बजे गौ माता को हरे चारे का भोग अर्पित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गौ सेवा की। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम को दाल-बाटी-चूरमा का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न भामाशाहों ने गौ पूजन किया गया, उसके बाद गौ माता को हरा चारा तथा अच्छा समर्पित किया गया। कार्यक्रम के तत्पश्चात गौ सेवा के लिए सहयोग प्रदान किया। नरेश गेहलोत (ओ.एस. मोटर्स) ने ?11,000 हरे चारे के लिए भेंट किए। देवराम सोलंकी (दुबई परिवार) की ओर से 51 किलो गुड़ समर्पित किया गया। कॉम्बेश्वर बिल्डर्स परिवार ने ?15,000 का सहयोग दिया, वहीं बाबूलाल सोनी (विरार/शिवगंज) ने अखंड रामायण पाठ एवं भोजन व्यवस्था के लिए?11,000 की राशि भेंट की। गौशाला समिति ने सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीराम गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, मंत्री भंवरलाल परमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित सहित गिरीश जानी, हड़मत सिंह, अशोक शर्मा, जगदीश राजपुरोहित, विनोद शर्मा, बाबू भाई सोनी, राजू कुमावत, पंडित महेश दवे, कैलाश सेन, रमेश सिंधी, परबत सिंह परमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गौशाला परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ गौ सेवा के प्रति समाज में जागरूकता का संदेश देने वाला रहा।


चूरू।


धौलपुर।

**नरैना।** कस्बे के रामलीला मैदान स्थित रघुनाथ जी मंदिर में दोपहर सवा बारह बजे प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव से पूर्व उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर प्रभु महिमा का बखान किया। जन्मोत्सव के बाद आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर के गर्भगृह की सुगंधित फूलों से साज सज्जा की गई।

**रतनगढ।** जनपद में चैत्र नवरात्र महोत्सव में गुरुवार को दुर्गा अष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर अष्टमी पर घरों में कन्याओं की देवी रूप में पूजा की गई। पूजा के लिए खीर, हलवा, पूड़ी पकवान बनाए गए। नवरात्रा कर रहे श्रद्धालुओं ने पहले घरों में माता की ज्योत देख आरती कर कन्याओं का पूजन कर भोजन करवाया। नवरात्रि के नौ दिनों में देवी मां के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है बुधवार दुर्गा अष्टमी को महागौरी का पूजन किया गया व गुरूवार नवमी को सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा व नवमी की धोक के साथ नवरात्रा महोत्सव का समापन होगा। वहीं जोशी समाधी स्थल पर स्थित दुर्गा माता मंदिर में कुंजबिहारी व राहुल जोशी ने मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना कर यहां आरती के पश्चात कवारी कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन करवाया व उपहार भेंट किए। दूसरी ओर जीवण माता मंदिर, ब्रह्माणी माता मंदिर, पलुवाली माता मंदिर सहित कई मंदिरों में नवरात्र महोत्सव पर आठ दिन विशेष पूजा अर्चना व दुर्गा सप्तशती पाठ सहित जागरण व किर्तन का आयोजन हुआ।

**जाजोद।** ग्राम पंचायत जाजोद के मैन चौक स्थित दुर्गा माता मंदिर में गुरुवार को नवरात्रि के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने दुर्गा माता की पूजा-अर्चना की और कन्या पूजन किया। मंदिर में सुबह की आरती और भजनों के साथ विशेष पूजा की गई। इस दौरान भक्तों ने जयकारों के साथ माता के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी प्रहलाद शर्मा ने बताया कि नवरात्रों के अंतिम दिन माता रानी को हलवे और चनों का भोग लगाया गया। इसके बाद माता रानी की ज्योत और आरती की गई। सभी ग्रामीणों की मौजूदगी में माता रानी को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। पुजारी शर्मा ने यह भी बताया कि गढ़ परिवार की ओर से हर साल नवरात्रों में माता रानी को भोग लगाया जाता है। अन्य ग्रामीणों की ओर से केले के रूप में भी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर रमन व्यास, बलदेव स्वामी, सीताराम लाटा, बसंत लाटा, रूपेश लाटा, सीताराम पुजारी, देवेंद्र सिंह शेखावत, दीपक शर्मा सहित गढ़ परिवार के सदस्य, ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रही।

**मण्डावा।** कस्बे में श्रीराम मन्दिर प्रबंध समिति की ओर से गुरुवार को रामनवमी के उपलक्ष में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ मुकुन्दगढ मार्ग स्थित जालवाले बालाजी मन्दिर से हुआ। यह यात्रा सुभाष चौक, मुख्य बाजार, फतेहपुर बस स्टैण्ड सहित कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरी। पूरे मार्ग पर 'जय श्री राम' के नारे गूंजते रहे और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। संजीव मील सहित भारी पुलिस बल की टीम ने रूट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से भ्रमण करती हुई अंत में खालासी मार्ग स्थित श्रीराम मन्दिर प्रांगण में समापन हुआ। समापन के अवसर पर विशेष आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। यात्रा में शामिल युवाओं और महिला श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मण्डावा राज परिवार के प्रतिनिधि ठाकुर अंगददेव सिंह, एडवोकेट राज कुमार सैनी, पूर्व भाजपाध्यक्ष विजेन्द्र बालाण, गणेश सैनी, मन्जू जांगिड, राजू देवी सैनी, हितेष प्रजापति, बाबू लाल सैनी, सुभाष हेमाणी, गोपाल केड़िया, शंकरलाल सुरोलिया, मोतीलाल बावलिया सहित सैकड़ों भक्त शोभा यात्रा में शामिल हुए। अन्त में गणेश सैनी ने सभी का आभार जताया।

**मण्डावा।** मण्डावा में रामनवमी के अवसर पर श्रीसर्वहितेषी व्यायमशाला की ओर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा गुरुवार शाम को अखाड़े मंदिर से शुरू हुई और इसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने भाग लिया। अंचल में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा का सौंथलिया गेट के निकट पर पहुंचने पर मुस्लिम समाज के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर उसका स्वागत किया। उन्होंने व्यायामशाला के पदाधिकारियों को शॉल और माला पहनाकर अभिनंदन किया और पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाईचारे का संदेश दिया गया। शोभायात्रा में महिलाएं अपने हाथ में ध्वज लेकर चल रही थीं, वहीं युवतियां घोड़ों पर सवार होकर हाथों में तलवारें और केसरिया पताकाएं लहरा रही थीं। आकर्षक झांकियों को लोगों ने खूब सराहा। बैंडबाजों के साथ निकली यह शोभायात्रा डॉ0 सेडूराम मार्ग, सौंथलिया गेट, मुख्य बाजार, फतेहपुर बस स्टैण्ड होते हुए श्री अखाड़ा मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए शोभायात्रा का स्वागत करने के लिए कई संगठनों ने जगह-जगह स्वागत द्वार लगाए थे। श्रद्धालुओं को शीतल पेय, पानी और शरबत भी वितरित किया गया। रामनवमी के पावन पर्व पर मां अम्बे की पूजा-अर्चना की गई, नौ कन्याओं को भोजन करवाया गया और उपहार दिए गए। माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और उन्होंने शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा से मंगलकामनाएं कीं। इस अवसर पर हाजी आमीन छोटू मौम, निवर्तमान चेयरमैन नरेश सोनी, पिताम्बर मिश्रा, एडवोकेट क्रमशः इकबाल खत्री व नवाब खत्री, सगीर वासरमैन, महेश टेलर, मुबारिक काजी, शौकत, सलीम, अहमद, रफीक, मोईनुद्दीन मोयल सहित मुस्लिम समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे। श्री सनातन समाज सैकड़ों भक्त गण भी शोभायात्रा में शामिल हुए।

**मकराना।** मकराना में रामनवमी पर भारी जनसमूह उमड़ा और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। महिला और पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए, खासकर रहमानी क्षेत्र में लोगों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। रैली की खास बात यह रही कि इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एक साथ नजर आए। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) दोनों के समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो सामाजिक समरसता का संदेश देता है। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिनमें सुनीता भिचर (प्रधान), जाकिर हुसैन (विधायक), रूपाराम मुरतिया, श्रीराम (पूर्व विधायक), रामनिवास, शक्ति सिंह और विजय सिंह ठाकुर शामिल रहे। इसके अलावा गढ़ क्षेत्र से राजपूत समाज और अन्य समाजों के प्रतिनिधियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। समाजसेवी विक्रम सिंह और गंगाराम मेघवाल समेत कई नागरिकों की उपस्थिति रही। रैली की एक और विशेष बात यह रही कि इसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए, जो आपसी भाईचारे और एकता की मिसाल पेश करता है।

**सुजानगढ़** शहर के रूपया वाला बालाजी मंदिर में महंत जुगल किशोर दास महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं की ओर से रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर में गर्भगृह में विराजमान बालाजी व राम जी महाराज की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। रामनवमी के अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के आवागमन का सिलसिला शुरू हुआ, जो शाम तक अनवरत जारी रहा। महंत जुगल किशोर दास महाराज की ओर से दोपहर में बालाजी व राम जी की विशेष पूजा व आरती की गई। इस दौरान अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

**जालोर।** विश्व हिन्दू परिषद से प्रेरित सनातन महोत्सव समिति की ओर से गुरुवार प्रातः रामनवमी की भव्य शोभायात्रा शहर के भारत माता चौक से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से निकली। विश्व हिन्दू परिषद के दिनेश जीनगर ने बताया कि सनातन महोत्सव समिति संयोजक अम्बालाल व्यास के नेतृत्व में शोभायात्रा गुरुवार प्रातः रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकली, जो शहर के भारत माता चौक से भगवान श्रीराम की तस्वीर पर भैरूनाथ अखाड़े के ईश्वरनाथ महाराज, हनुमानजी मंदिर के पवनपुरी महाराज, धूणिया मठ के सोमपुरी महाराज, हल्देश्वर मठ के महाराज, मुन्ना महाराज की ओर से दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ होकर हरिदेव जोशी सर्किल, पंचायत समिति, भक्त प्रहलाद चौक, बड़ी पोल, घांचियों की पिलानी, सुभाष मार्केट, माणक चौक, सदर बाजार, गणेश चौक, गांधी चौक, पूरा मोहल्ला, सूरज पोल, कालका कॉलोनी, जागनाथ महादेव मंदिर, राजेन्द्र नगर से हॉस्पिटल चौराया होते हुए पुनः तिलक द्वार स्थित रामदेवजी मंदिर पहुंची जहां भगवान श्रीराम की महाआरती व प्रसादी वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में ऊंट, घोड़े, नौबत, बैंड, डीजे, रथ पर सवार साधु संत, ट्रैक्टर पर स्कूली बच्चों की ओर से विभिन्न भगवान बनी झांकियां सहित बजरंग दल का अखाड़ा प्रदर्शन, शहर के पुरा मोहल्ला के महाकालेश्वर एण्ड पार्टी की शिव अघोरी झांकी व सबसे विशिष्ट दर्शन में इमानुअल स्कूल के निदेशक बलवंत सारण के नेतृत्व की झांकी रही, जिसमें बच्चियों की ओर से प्रस्तुत राम गीतों पर शानदार नृत्य पेश कर सभी का मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा को लेकर शहरवासियों में उत्साह का माहौल रहा जो डीजे पर नाचते गाते चलकर शोभायात्रा को शोभायमान कर रहे थे। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, समाजों सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा, जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था की गई। सनातन महोत्सव समिति के सचिव तरुण त्रिवेदी ने बताया कि उनके व मोहल्लेवासियों के नेतृत्व में तैयार की गई, शहर के पूरा मोहल्ला की महाकालेश्वर एण्ड पार्टी की झांकी विशेष ध्यानाकर्षण का केन्द्र रही। पार्टी के नन्हे बालक जिनकी उम्र मात्र 10 से 14 वर्ष की है, उन्हें ट्रेनिंग देकर तैयार किया गया, ये पिछले 2 वर्षों से यह कार्यक्रम कर रहे है। उनके करतब देखकर हर कोई दंग रह गया जिसमें शिव के साथ अघोरी की झांकी, भस्मासुर आरती, अपस्मार नामक राक्षस का अपने पांवों से दबाकर उसका वध व अघोरी नृत्य प्रमुख रहे।

**चूरू।** स्थानीय श्रीराम मंदिर में गुरूवार को रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी निकाली। श्रीराम मंदिर परिवार के प्रमोद मण्डावेवाला ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की। राजेश मण्डावेवाला ने बताया कि भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर मंदिर में दोपहर 12.15 बजे श्रद्धालुओं ने महाआरती कर देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान मन्दिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन किए। इस दौरान संत निरंकारी मण्डल के सेवादारों ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष जल सेवा की। मंदिर के पुजारी पूसाराम व मुकेश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। कार्यक्रम में सीमा व ललिता देवी ने थाल बजाकर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का शुभारम्भ किया। इस दौरान घड़सीराम, नागरमल, अभिषेक चोटिया, योगेश गौड़, एडवोकेट कानसिंह, कमलसिंह, महेश मीश्रा, रघुनाथ प्रसाद, सुरेश कुमार, रामगोपाल, भागीरथ सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे। गौरव मण्डावेवाला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**धौलपुर।** गांव पुरानी छावनी में रामनवमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। श्री रामचंद्र जी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल भगवान श्रीराम के पंचामृत अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार से हुई। मंदिर परिसर को फूलों और सुंदर झांकियों से सजाया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक बना रहा। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम दरबार, हनुमान दरबार सहित आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच पूरी पुरानी छावनी भगवामय नजर आई। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर विशेष पूजन एवं महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीनिधि वी.टी. ने भी महाआरती में भाग लिया। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन का क्रम निरंतर चलता रहा। विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम में सभी समुदायों की भागीदारी देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी शोभायात्रा का स्वागत कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की।

# कुमावत समाज की ऐतिहासिक शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** श्रीराम नवमी पर कुमावत समाज सेवा संस्थान, सुमेरपुर की ओर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को रामभक्ति के रंग में रंग दिया। ढोल-नगाड़ों, भगवा ध्वजों और जय श्रीराम के जयघोष के बीच निकली इस ऐतिहासिक यात्रा में श्रद्धा, संस्कृति और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। प्रातः 8:30 बजे कुमावत समाज भवन से शुरू हुई यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों–शनि महाराज मंदिर, बायोसा मंदिर, शीतला माता मंदिर, मेहता प्याऊ, भैरू चौक और खेड़ा देवी मंदिर होते हुए पुनः समाज भवन पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में सुसज्जित भगवान श्रीराम का दिव्य रथ आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही अन्य रथों में कलाकारों की ओर से प्रस्तुत सजीव 'राम दरबार' की झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज के युवाओं ने गैर नृत्य कर जोश भरा, वहीं मातृशक्ति ने गरबा और डीजे की धुनों पर नृत्य कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। यात्रा के अग्रभाग में घोड़े पर सवार समाजबंधु भगवा ध्वज लहराते हुए चल रहे थे, जो पूरे आयोजन में जोश का संचार कर रहे थे। सोजत से आए कलाकारों की ओर से प्रस्तुत घोसा-घोड़ी नृत्य ने भी विशेष आकर्षण बटोरा। बड़ी संख्या में समाजबंधु अपने वाहनों के साथ शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवा, युवतियां, बुजुर्ग और माताएं इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ाते नजर आए। शोभायात्रा के पश्चात प्रातः 11 बजे स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने समाज को एकजुटता, शिक्षा और सामाजिक उन्नति के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समाज के भामाशाहों का साफा व पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सहयोग देने वाले दानदाताओं का बहुमान किया गया तथा आगामी आयोजनों के लिए बोलियां भी लगाई गईं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजित स्नेह भोज में समाज के लोगों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। कुमावत समाज महिला सेवा संस्थान की गीता बहन, प्रवीणा बहन चांदोरा, गुणवंती बहन परिहार, सुगना बहन चांदोरा, बादामी बहन सनवेचा, मंजू बहन मेड़तिया और बसंती बहन चांदोरा सहित अन्य महिलाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

सम्पूर्ण आयोजन को सफल बनाने में नारायण गहलोत, पूनाराम कुमावत, नटवरलाल रामीणा, कूपाराम सुंदेशा, गुलाबचंद परिहार, जवानमल टांक, खीमाराम रामीणा, पुखराज कासा, पुखराज सोलंकी, चंपालाल चांदोरा, मूलाराम सनवेचा, बाबूलाल गहलोत, हीरालाल पाड़ीवा, पूनाराम परिहार, शांतिलाल मेड़तिया, बाबूलाल रोटांगण, नरेन्द्र रामीणा, गोविन्द कुमावत, कांतिलाल सुन्देशा, नवीन मालवीय, नटवरलाल सनवेचा, शिवलाल मेड़तिया, देवाराम कोदालिया, नरसाराम चांदोरा, रमेश कुमार सनवेचा, नटवर मेवाड़ा, कैलाश मेड़तिया, लुंबाराम सोलंकी सहित अनेक समाजबंधुओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि कुमावत समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक समृद्धि और संगठन शक्ति का भी भव्य प्रदर्शन साबित हुआ।

## बुराई में अच्छाई ढूंढने वाला सच्चा इंसान बन सकता हैं: प्रणम्य सागर



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** मनुष्य अच्छाई और बुराई के बीच में झूलता रहता है लेकिन बुराई में अच्छाई ढूंढने वाला सच्चा इंसान बन सकता हैं। यह विचार दिगंबर जैन मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में धर्म सभा में व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि आज की पीढ़ी को धर्म की बात जल्दी से समझ में नहीं आती हैं, उसको समझाने के लिए उसके अनुकूल माध्यम को ध्यान में रख कर उसे सही दिशा में मोड़ा जा सकता हैं। मुनि संघ बिजौलियां तीर्थ क्षेत्र से पैदल विहार करते हुए बिजौलियां कस्बे में पहुंचे जहां पर जगह-जगह मुनि श्री का पाद प्रक्षालन कर अगवानी की गई। धर्म सभा में सकल दिगंबर जैन समाज के लाभचंद जैन, अनिल गोधा, मुकेश सोनी, वर्धमान जैन व मनोज ठग ने दीप प्रज्वलन कर धर्म सभा का शुभारंभ किया। सुमित सेठिया की ओर से आचार्य के संगीत के साथ अर्घ्य चढ़ाए गए। शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे राज भवानी वाटिका में मुनि संघ के निर्देशन में अर्हम योग शिविर लगाया जाएगा।

## पदयात्रियों के लिए पुलिस की पहल: जाटोली चौकी पर पानी, विश्राम और सुरक्षा के विशेष इंतजाम




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नवरात्र मेले और रामनवमी के अवसर पर पदयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए धौलपुर पुलिस प्रशासन ने सराहनीय पहल शुरू की है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर रैहना वाली माता मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिसकी आमजन ने खुलकर प्रशंसा की। रामनवमी की रात्रि को मुरैना, ग्वालियर, भरतपुर, धौलपुर सहित उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नेजा, झंडा और कांवड़ लेकर पदयात्रा करते हुए माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। इस दौरान थाना सदर क्षेत्र की जाटोली पुलिस चौकी ने ड्यूटी के साथ मानवीय सेवा का उदाहरण पेश किया। जाटोली चौकी प्रभारी रोहन सिंह, देवेंद्र गुर्जर एवं समस्त स्टाफ ने पदयात्रियों के लिए पानी की प्याऊ, विश्राम स्थल और शौचालय की व्यवस्था की। वहीं, रात के समय बाइक से गश्त कर वरिह मोरी तक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई, ताकि किसी भी यात्री को परेशानी न हो। पुलिस की इस पहल से पदयात्रियों को राहत मिली और उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया।


## नशीला पिज्जा खिलाकर युवती से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** शहर में एक युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने और फिर अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार पीड़िता अपने पति के साथ जिस मकान में रह रही थी, उसे उसकी सास ने राजू उर्फ रियाज नामक व्यक्ति को बेच दिया था, लेकिन मकान का कब्जा नहीं सौंपा गया। इसी को लेकर विवाद चल रहा था और पीड़िता ने अपनी सास के खिलाफ भी मामला दर्ज करा रखा था। इसी विवाद का फायदा उठाते हुए गरीब नवाज कॉलोनी, गली नंबर तीन निवासी आरोपी अब्दुल रहीम उर्फ आशु गौरी (पुत्र यासीन गौरी) ने मकान खाली करवाने के नाम पर पीड़िता से संपर्क बढ़ाया। पहले उसने मदद का झांसा दिया और फिर एक दिन पिज्जा लेकर घर पहुंचा। पीड़िता के अनुसार पिज्जा खाने के बाद वह बेहोश हो गई, जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन यहीं नहीं रुका। अगले दिन उसने पीड़िता को उसके अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर धमकाया और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म करता रहा। आरोपी लगातार फोन और सोशल मीडिया के जरिए भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। लोकलाज के कारण पीड़िता ने शुरुआत में शिकायत नहीं की, लेकिन जब आरोपी की हरकतें बढ़ती गईं तो उसने हिम्मत जुटाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की जांच थाना अधिकारी गरिमा चौधरी की ओर से की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## 96' अंक हासिल कर तसद्दुक हुसैन ने किया सांभर का नाम रोशन

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक(निसं)।** जब लगन ओर मेहनत से कोई कार्य किया तो निश्चित रूप से उसके परिणाम भी चौंकाने वाले होते हैं। हम बात कर रहे हैं सांभरलेक निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता काजी गफ्फार उस्मानी के होनहार पोत्र तसद्दुक हुसैन की, जिसने सोमवार को घोषित परिणामों में दसवीं कक्षा में 96' अंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार अपितु अपने शहर सांभरलेक का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार तसद्दुक हुसैन के पिता असरार उस्मानी पैशे से वकील हैं। सांभर शहर के होनहार बालक तसद्दुक के शहर टॉपर बनने पर अधिवक्ता मंजूर अली, ताज मोहम्मद रंगरेज, सांभर दरगाह खादिम अल्ताफ हुसैन, निसार अहमद, अशफाक भाई, जहीर भाई, मोहसिन खान, मुस्तकिम खान, अधिवक्ता ललित शर्मा, दिनेश शर्मा, बरकतुल्ला आदि गणमान्यजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## लगातार तीसरे वर्ष जिला टॉपर का हैट्रिक




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि सामने आई है। जहाँ न्यू एरा पब्लिक स्कूल ने शानदार परीक्षा परिणाम देकर पूरे राजस्थान में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस वर्ष कक्षा 10 की परीक्षा में कुल 84 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 42 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय के डायरेक्टर अभिनव बेरी ने बताया कि न्यू एरा पब्लिक स्कूल राजस्थान का एक मात्र ऐसा विद्यालय बन गया है। जहाँ 50 प्रतिशत विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाए हैं। इतना ही नहीं, विद्यालय ने एक और बड़ा कीर्तिमान स्थापित करते हुए लगातार पिछले तीन वर्षों में जिला टॉपर देने का हैट्रिक भी पूरा किया है, जो इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विषयवार प्रदर्शन की बात करें तो गणित में 14 विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, जबकि हिंदी में 16 विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को संस्कार देना है इसके लिए विद्यालय नियमित प्रयासरत है उन्होंने कहा कि अभिभावक जो हमारे ऊपर विश्वास बनाते हैं उसे विश्वास को हर स्थिति में कायम रखना हमारा मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। इस शानदार परिणाम से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। यह उपलब्धि न केवल न्यू एरा पब्लिक स्कूल के लिए, बल्कि पूरे जिले और राज्य के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से उपलब्धि अर्चित करने वाले विद्यार्थियों का माल साफा पहनकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों की ओर से विद्यालय के शिक्षक वातावरण की भरपूर प्रशंसा की गई और उन्होंने कहा कि विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण संस्कार पूर्ण शिक्षा विद्यालय को अन्य विद्यालयों की तुलना में श्रेष्ठ बनाता है।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों का सम्मान किया।

## त्योहारों से पहले पुलिस अलर्ट- बाड़ी में एसपी विकास सांगवान के नेतृत्व में फ्लैग मार्च



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती एवं अंबेडकर जयंती के मद्देनजर जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में बाड़ी शहर में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी सांगवान ने पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ मुख्य बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए पुलिस व्यवस्थाओं की समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।झ्र पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था सुनिश्चित करना, असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करना है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में पुलिस बल ने शहर के प्रमुख मार्गों पर मार्च किया। फ्लैग मार्च में वृताधिकारी महेंद्र कुमार, कोतवाली थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा, बाड़ी सदर थानाधिकारी मौहर सिंह मीणा, क्यूआरटी टीम सहित विभिन्न थानों का जाप्ता व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस की इस सक्रियता से शहर में सुरक्षा का माहौल बना हुआ है और आमजन ने भी इस पहल की सराहना की।

## भाजपा कार्यकर्ता पंचायत व चुनावी तैयारी में जुट जाए: कुशवाहा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी कोठी मंडल धौलपुर की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का प्रारम्भ हुआ। भाजपा कोठी मण्डल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विषम्बर दयाल शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंतद्र पाराशर ने पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व फूलमाला अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग मंडल कार्यालय घंटाघर रोड धौलपुर पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के मुख्य आतिथ्य में आरंभ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर शिव चरण सिंह कुशवाहा व पूर्व कार्यसमिति सदस्य विषम्बर दयाल शर्मा रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में धीर सिंह जादौन जिला उपाध्यक्ष भाजपा धौलपुर रहे तथा प्रशिक्षण मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मुकेश हनुमानपुरा, सह प्रशिक्षण प्रभारी शशिकांत शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की अध्यक्षता कोठी मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला ने की प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजावत जी ने पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा जी ने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी आने वाले चुनाव में एक मनसे जुटने के लिए आह्वान किया। मुख्य वक्ता जादौन ने राज्य सरकार व केंद्र सरकार की उपलब्धियां जैसे जन धन योजना जल जीवन मिशन योजना आयुष्मान भारत योजना लाडो योजना किसान सम्मन निधि योजना वरिष्ठ जन यात्रा योजना सुकन्या योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना कुसुम योजना पालनहार योजना समिति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिला मंत्री हरेंद्र और जिला मंत्री रामकुमार कुशवाहा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी लोकेंद्र सिंह चौहान, विजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंघल, दिग्विजय सिंह राजावत, कल्पना शर्मा, जगत सिंह यादव, विजय त्यागी, रोतिक वर्मा, हरेंद्र राव, बाचाराम बघेल, जगत सिंह यादव, मुकेश कुलश्रेष्ठ, अनमोल बंसल, पंकज शर्मा, महावीर गर्ग दुर्गेश श्रीवास्तव विनोद चौधरी श्री भगवान बघेल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सादगी में संस्कार: कुमावत समाज का 18वां सामूहिक विवाह सम्मेलन



जयपुर टाइम्स

**नावां सिटी(निस)।** नावां सिटी में कुमावत समाज सुधारक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित 18वां सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में 14 जोड़े एक साथ वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे, जहां सामाजिक एकता और सादगी की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:15 बजे स्टेशन नाडा बालाजी मंदिर परिसर से हुई, जहां से दूल्हों को सजी-धजी घोड़ियों पर बिठाकर भव्य बंदोरी निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री राधा-कृष्ण मंदिर स्थित विवाह स्थल तक पहुंची। रास्ते भर समाजबंधुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का गर्मजोशी से स्वागत किया। विवाह स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच सभी 14 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। नवविवाहित जोड़ों को समाज के वरिष्ठजनों और अतिथियों ने आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची पर रोक लगाना और सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है। आयोजन में सहयोग देने वाले भामाशाहों एवं अतिथियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक समरसता, सहयोग और संस्कारों की झलक देखने को मिली, जिसने इसे यादगार बना दिया।

## मंदिर का शिखर निर्माण कार्य शुरू



**चाकसू(निस)।** चाकसू कोटखावदा रोड़ बैरवा छात्रावास गरुडवासी मोड चाकसू में श्री श्री 1008 योगिराज स्वामी हरि हरानन्द त्यागी जी महाराज मन्दिर पर गुरुवार चैत्र नवरात्रि रामनवमी पर्व पर शिखर निर्माण का शुभ मुर्हत किया गया जो क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बैरवा समाज विकास समिति अध्यक्ष प्रभु नारायण बैरवा व महामंत्री हेमराज लालावत, कोषाध्यक्ष गिरिराज डूगरी, लक्ष्मीनारायण, जगदीश, भवंर, पूनीराम, सीताराम, कजोड जाटवा, कन्हैयालाल गोठवाल आदि समाज के व्यक्ति मौजूद रहे। तत्पश्चात एक मीटिंग का आयोजन रखा गया। जिसमें शिखर निर्माण न समाज विकास की चर्चा की गई। वही महामंत्री हेमराज लालावत ने कहा की स्वामी जी के मार्गदर्शन अनुसार एक भव्य शिखर का निर्माण किया जाएगा। जिसकी ऊँचाई छत से 41 फूट होगी। इससे त्यागी जी महाराज के मान-सम्मान के साथ बैरवा समाज गौरवान्वित रहेगा।

## महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, गैस कीमतों पर सरकार को घेरा




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजधानी जयपुर में गुरुवार को गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और कमर्शियल सिलेंडर की कथित कमी के विरोध में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में हुए इस धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। आरोप है कि पुलिस की ओर से बल प्रयोग किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह और महासचिव रिक्की सिंह हंतरा भी प्रभावित हुईं। भरतपुर से पहुंचीं प्रदेश महासचिव रिक्की सिंह हंतरा ने कहा कि रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि महंगाई का सबसे अधिक बोझ महिलाओं पर पड़ रहा है, जो घर की रसोई और बजट दोनों संभालती हैं। 'अब यह सिर्फ महंगाई का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह जनआक्रोश का रूप ले चुका है,' उन्होंने कहा। प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आमजन महंगाई से त्रस्त है, लेकिन सरकार इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में लगातार वृद्धि से मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों का बजट पूरी तरह चरमरा गया है। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि जब तक गैस सिलेंडर की कीमतों में राहत नहीं दी जाती, तब तक आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा और प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन जारी रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर 'महंगाई की मार, अबकी बार जवाब दो सरकार' जैसे नारे लगाए और जनहित में ठोस कदम उठाने की मांग की।से साज सज्जा की गई।

## वाटिका के सरकारी स्कूल में मेगा पीटीएम, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

### 10वीं बोर्ड में लेखना आर्य ने 96.33' अंक के साथ किया टॉप, विद्यालय में खुशी का माहौल



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटिका, जयपुर में मेगा पीटीएम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस बैठक में कक्षा 1 से 11 तक के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी अच्छी भागीदारी रही, जिससे विद्यालय का माहौल सकारात्मक और प्रेरणादायक बना रहा। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक व्याख्याता रामरतन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित इस मेगा पीटीएम में सभी कक्षाओं के परिणाम साझा किए गए। वहीं प्रधानाचार्य सारिका सिंघल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का माल्यार्पण, साफा बंधवाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने वाली लेखना आर्य को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा गौरव प्रजापत (90.17'), यश कुमार सैनी (86'), मोनिका बैरवा (84.33'), पुनित कौर (84.17'), सिमस बैरवा (83.67'), कुलदीप (81.67') और आलोक (81') को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएमसी सदस्य महेश मैंणवाल, रामलाल पहाड़िया, राकेश शर्मा, रामकृष्ण प्रजापत सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## शिक्षा से बनता है जीवन सफल, सुंदर और सरलः मीणा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय एक्सीलैंस पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक बी एल गोठड़िया ने की। मुख्य अतिथि दुलाराम प्रजापत, विशिष्ट अतिथि धर्मसिंह मीणा ने कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मोहित प्रजापत 97.83, वंश प्रजापत 96 प्रतिशत, तेजसिंह 95 प्रतिशत का सम्मान किया। इसी प्रकार कक्षा आठ व पांच में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। निदेशक बीएल गोठडिया ने कहा कि समस्त स्टाफ की मेहनत के चलते संस्था का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। धर्मसिंह मीणा ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही अपना और दूसरों की जीवन सफल, सरल और सुंदर बना सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय मंडार, रामगोपाल प्रजापत, महावीर प्रजापत, गोरधनसिंह, दुर्गाराम का भी साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शंकरलाल, आशीष, गोविन्द प्रजापत, सांवरमल, सुशीला, प्रियंका, नेहा, पिंकी, पलक, भारती सोनी, शीतल, हरिकेश बाकोलिया, शान्ति देवी, घनश्याम स्वामी, रामदेव प्रजापत सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शंकरलाल व संजय मंडार ने किया।

## रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(नि.सं.)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री झीडा के बालाजी धाम, बजरंगपुरा में आगामी 3 मई से 11 मई तक आयोजित होने वाले 108 कुंडात्मक श्रीराम मारुति महायज्ञ को लेकर गुरुवार रामनवमी के पावन अवसर पर भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना का भव्य आयोजन किया गया।यह धार्मिक अनुष्ठान महंत सांवर मल व्यास एवं पुजारी पंडित सोहनलाल शर्मा के सानिध्य में, आचार्य पंडित श्रीकृष्ण शास्त्री एवं पंडित रामकरण व्यास द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी व श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा बहती नजर आई। पुजारी पंडित सोहनलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे पुण्य यज्ञ मानव कल्याण, क्षेत्र की खुशहाली और सुख-शांति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यज्ञ के प्रभाव से क्षेत्र में अच्छी वर्षा, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा यज्ञ नारायण भगवान की कृपा क्षेत्र पर बनी रहती है।उन्होंने यह भी बताया कि 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बालाजी धाम में भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचेंगे।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाकर हनुमान जी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर सुवालाल यादव पूर्व प्रधान, हरफूल कसाना, ललित गोयल , सामाजिक कार्यकर्ता महेश यादव, घीसा सिंह शेखावत, भवानी शंकर शर्मा, हेमंत कुमार गुप्ता, दुष्यंत कुमार शर्मा, बुद्धाराम सिंधु, रामनिवास मौर्य, पवन शर्मा, जगदीश मीणा, रामकुमार यादव, अर्जुन शेरावत, अमीलाल राठी, हरि शर्मा, चौथमल धेधड़, सुरेश सैनी, मोहन सैनी, रमेश टिलावत, रामावतार टेपण, बाबूलाल शर्मा, भागीरथ, आशीष शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु मौजूद रहे। कुल मिलाकर, बालाजी धाम में आयोजित यह भूमि पूजन कार्यक्रम आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम बना।

## धौलपुर में गैस व पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर प्रशासन सख्त, 8 एजेंसियों की जांच




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मध्य पूर्व में जारी संकट के चलते एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने दो टीमों के माध्यम से जिले की 8 गैस एजेंसियों की जांच की, जिसमें पाई गई कमियों पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आज सभी एजेंसियों की ओर से 3935 सिलेंडरों का सुचारू वितरण किया गया। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और अनावश्यक बुकिंग से बचें। जरूरत होने पर ही बुकिंग कराएं, निर्धारित समय पर होम डिलीवरी के जरिए सिलेंडर घर तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही, डिलीवरी के समय गैस डायरी में इन्द्राज कराना अनिवार्य बताया गया है। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी उपभोक्ता को पेट्रोल-डीजल देने से मना नहीं करेंगे और निर्धारित समय में पंप खुले रखेंगे। ईंधन का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने तथा आवश्यकतानुसार अग्रिम राशि कंपनी में जमा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को केवल वाहनों के फ्यूल टैंक में ही ईंधन दिया जाएगा, खुले पात्र में आपूर्ति पर रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लाखों की सौगातः तारानगर कॉलेज में विज्ञान भवन का राठौड़ व बैरवा ने किया लोकार्पण, भामाशाहों का सम्मान





जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर स्थित माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री बैरवा और राठौड़ ने भामाशाह ताराचंद गोयल व विम्मी गोयल की ओर से लाखों रुपये की लागत से निर्मित विज्ञान भवन के नवनिर्मित कक्षा-कक्षों का फीता काटकर व पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। अतिथियों ने भवन का अवलोकन कर निर्माण कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में गोयल परिवार ने महाविद्यालय में सोलर संयंत्र स्थापित करने की घोषणा कर एक और महत्वपूर्ण योगदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर भामाशाह ताराचंद गोयल व विम्मी गोयल का उप मुख्यमंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य अतिथियों ने माला, साफा, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। समारोह के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान युग शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का है। युवाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण भाव से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में दान देने वाले लोग समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। उन्होंने भामाशाह गोयल परिवार की सराहना करते हुए कहा कि चूरू सेवा, शिक्षा और संस्कृति की धरती रही है और सक्षम व्यक्तियों को समाज के उत्थान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का उल्लेख करते हुए शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने उपस्थित जनसमूह को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक स्तर पर उभरने का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में स्किल डेवलपमेंट, डिजिटलीकरण और एआई के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में युवाओं और खेलों के विकास के लिए प्रभावी पहल की जा रही है। उन्होंने तारानगर में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण के लिए प्रयास करने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया, पराक्रम राठौड़, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, विधायक प्रत्याशी राकेश जांगिड़, पूर्व चेयरमैन जसवंत स्वामी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक मंचासीन रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अनुशासन ही सफलता की प्रथम सीढ़ीः महर्षि




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर निकटवर्ती ग्राम सारोठिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार महर्षि ने मेगा पीटीएम बैठक में विद्यार्थियों को समय पाबंदी की महता बताते हुए अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करके अपने जीवन में धैर्य रखते हुए सफलता के शिखर पर पहुंचने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों को भी बच्चों के सकारात्मक सहयोग करने की अपील की। स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने बताया कि विद्यालय में आयोजित मेगा पीटीएम कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने सत्र 2025-26 की कक्षा 9 की 17 छात्राओं को साइकिलें वितरित की। कार्यक्रम में संस्था प्रधान पप्पूराम मीना, गोपाल लाल यादव ने महर्षि का माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। लाडो योजना व कोड योगी योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया। नये सत्र में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर व्याख्याता लिछमणराम गोदारा, रामलाल कांसोटिया, सतपाल सिंह मीणा, सोहनलाल, दलीप सिंह राठौड़, दामोदर शर्मा, राजकुमारी, जीवनदान देवल, हरजीराम कताला आदि मौजूद रहे। संचालन पूसाराम स्वामी ने किया।

## वरिष्ठ सीए प्रहलाद राय झुरिया का प्रकोष्ठ ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर/सीकर(निस)** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सीकर जिले के वरिष्ठतम चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रहलाद राय झुरिया को राजस्थान चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकोष्ठ द्वारा आरएएस क्लब, जयपुर में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सीए झुरिया के अकादमिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान को सराहते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया।मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने झुरिया जी को साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके अनुभव को पार्टी के लिए एक अमूल्य धरोहर बताया। इस गरिमामयी समारोह में आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, जयपुर शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा और वरिष्ठ नेता सुमित भगासरा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सीए नितिन व्यास के साथ सीकर सीए प्रकोष्ठ की प्रभावी उपस्थिति रही, जहाँ पदाधिकारियों और पेशेवरों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। प्रमुख सीए पेशेवरों की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनमें सीकर सीए प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सीए शाहिद कमाल, प्रदेश सचिव व सीकर सीए ब्रांच के कोषाध्यक्ष सीए महेश गोयल, सीए बी.पी. क्याल, सीए मनोज शर्मा, सीए राहुल मोर, सीए सुरेश अग्रवाल, रामनिवास,सीए नीतीश शर्मा, सीए विनोद शर्मा, सीए मनीष गिनोड़ीया भी शामिल थे। सीकर में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री एडवोकेट पुरुषोत्तम सबलपुरा, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शब्बीर ए.एम. कमाल एडवोकेट एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अब्दुल रज्जाक पवार ने झुरिया जी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान सीकर जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सीए प्रकोष्ठ का आभार व्यक्त करते हुए श्री सीए झुरिया के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की नई कमान

### प्रभु सिंह कारंगा बने प्रदेश सचिव



**सीकर(नि.सं.)** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने एक अहम फैसले में वरिष्ठ नेता और समाजसेवी प्रभु सिंह कारंगा को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है। संगठन को उम्मीद है कि कारंगा की अगुवाई में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती मिलेगी और जमीनी स्तर पर जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी।संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह नियुक्ति कारंगा के लंबे राजनीतिक अनुभव और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा की अटूट भावना को देखते हुए की गई है। कारंगा ने कहा कि वह संगठन के संविधान और सिद्धांतों पर चलते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि प्रभु सिंह कारंगा की कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की भावना से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उनके नेतृत्व में आगामी पंचायत चुनावों और विकास कार्यों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### प्रभु सिंह कारंगा का परिचयः

कारंगा जी लंबे समय से समाजसेवा एवं राजनीति में सक्रिय हैं और उन्हें संगठन के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता है। उनकी नियुक्ति से सीकर सहित पूरे प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## एकता ही शक्ति हैः जाट समाज 27 मार्च को लेगा नए भविष्य का संकल्प

**सीकर(निस)** जाट समाज सेवा संस्थान, सीकर द्वारा होली स्नेहमिलन एवं वार्षिक आमसभा का आयोजन 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) को प्रधान जी का जाव, सीकर में दोपहर 1:15 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर समाज एकता के सूत्र में बंधकर नए भविष्य का संकल्प लेगा।कार्यक्रम में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री राजाराम मील मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे जाट आरक्षण सहित समाज से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ रचनात्मक एवं सार्थक संवाद करेंगे। आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है।जाट समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जाट समाज कार्यालय, सीकर में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने तथा समाजहित के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि संस्थान के अध्यक्ष रामचंद्र नेहरा द्वारा समाज एवं किसान वर्ग की निस्वार्थ सेवा की जा रही है। वे बैंक ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य समस्याओं के समाधान में सदैव तत्पर रहते हैं।जाट समाज विकास समिति के संरक्षक श्री नरेन्द्र धायल ने कहा कि आज का युवा वर्ग भटकाव की स्थिति में है। समाज के परिवारों को आपसी मतभेद और टांग खींचने की प्रवृत्ति से दूर रहकर एकता और सहयोग की भावना को अपनाना चाहिए, तभी समाज का समग्र विकास संभव है।संस्थान के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, समाज के गणमान्य नागरिक, बुद्धिजीवी, युवा एवं आमजन से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

# हर घर और प्रतिष्ठान पर फहराएं भगवा पताका

जयपुर टाइम्स

**सीकर** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी को लेकर सीकर शहर में युवाओं में अति विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्व हिन्दू परिषद ने प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठानों पर भगवा पताकाएं लगाने की अपील की है। इस अपील के तहत युवाओं द्वारा पूरे बाजारों में प्रत्येक प्रतिष्ठान पर जाकर धर्म ध्वज (भगवा पताकाएं) वितरित की गईं, जिसकी व्यापारियों ने प्रशंसा करते हुए हृदय से स्वागत किया। जिला सहसंयोजक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि व्यवसायियों ने उत्साहित होकर पहली बार हो रही इस पहल पर रामनवमी आयोजन समिति का धन्यवाद किया है। यह पहल समाज में धार्मिक उल्लास और एकता का संदेश दे रही है।समाज के सभी वर्गों द्वारा



भगवान श्री राम, निषाद, केवट, शबरी माता एवं श्री राम के आदर्शों को दर्शाती झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा में राजस्थानी लोक नृत्य, संगीतमय भगवान श्री राम की आरती एवं विशेष आकर्षण के रूप में महा डीजे, कच्ची घोड़ी नृत्य आदि की प्रस्तुति दी जाएगी। कल्याण जी के मंदिर में 11,000 दीपकों से महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें सर्व समाज के प्रतिनिधि एक मंच पर खड़े होकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।सम्पूर्ण शोभायात्रा की जानकारी एवं प्रचार-प्रसार हेतु शहर एवं आसपास के गांवों के लिए 4 ई-रिक्शे को कल्याण जी के मंदिर से भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कल्याण मंदिर महंत श्री विष्णु जी, राजेन्द्र खंडेलवाल, रोहित सैनी, शिव प्रसाद स्वामी, अमन कामदार, जीतेश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अग्रवाल समाज का अनूठा स्वागत, फागलवावालों की हवेली पर होगी पुष्पवर्षा शोभायात्रा का किया जाएगा भव्य स्वागत, अमृतजल एवं फ्रूटी की भी होगी व्यवस्था।समाज द्वारा शोभायात्रा में हिस्सा लेने वाले सभी हिन्दू भाई-बहनों का अभिनंदन किया गया है।गुरुवार को रामनवमी के पावन पर्व पर श्री अग्रवाल समाज प्रन्यास द्वारा शाम 4:30 बजे फागलवावालों की हवेली, मनीष ट्रेडिंग कंपनी पर भगवान श्री राम के रथ एवं शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। यह आयोजन समाज की आस्था एवं सेवा भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करेगा। समाज द्वारा इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अमृतजल एवं फ्रूटी की विशेष व्यवस्था भी की गई है। यह व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सेवा भावना को दर्शाती है। समाज के अध्यक्ष महेश टीबडा, मंत्री अरुण फागलवा एवं समस्त प्रन्यासीगण ने समस्त अग्र मातृशक्ति, अग्र बंधुओं एवं नवयुवकों से इस धर्म यज्ञ में अपनी सेवाएं देकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व समाज में एकता, सौहार्द एवं भक्ति का संदेश लेकर आता है और ऐसे आयोजन इस पर्व की गरिमा को बढ़ाते हैं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।